www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 104 । नर्मदापुरम, शुक्रवार 11 जुलाई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

मूंग खरीदी में देरी से परेशान हो रहे हैं छोटे किसान — पृष्ठ 2
कहीं भारत की कमज़ोरियों का लाभ न उठा ले दुनिया
संयुक्त राष्ट्र के दस्तावेज ने उठायी वैश्विक कंपनियों की भूमिका पर उंगली — पृष्ठ 4
19 साल बाद इंग्लैंड को चटाई धूल
रेड्डी ने दिलाई भारत को दोहरी सफलता — पृष्ठ 6
एफटीए से कृषि क्षेत्र को मिल रहा बढ़ावा : गोयल — पृष्ठ 8

बिहार में वोटर वेरिफिकेशन पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, कहा-

# आधार, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र मानें



- सर्वोच्च अदालत ने समय पर सवाल उठाए
- चुनाव आयोग से 21 तक जवाब मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के रिवीजन जारी रखने की अनुमति दी। अदालत ने इसे संवैधानिक जिम्मेदारी बताया।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) यानी वोटर लिस्ट रिवीजन की टाइमिंग पर सवाल उठाए। अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र माना जाए। बेंच के मुताबिक, 10 विपक्षी दलों के नेताओं समेत किसी भी याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर चुनाव आयोग से 21 जुलाई तक जवाब मांगा। अगली सुनवाई 28 जुलाई के लिए तय की। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) यानी वोटर लिस्ट रिवीजन पर अदालत में करीब 3 घंटे सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि वोटर लिस्ट रिवीजन नियमों को दरकिनार कर किया जा रहा है।

## बिहार मामले पर फैसला राहत देने वाला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य को लेकर उच्चतम न्यायालय का फैसला राहत देने वाला है और चुनाव आयोग को न्यायालय के सुझाव को मान लेना चाहिए। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा यह लोकतंत्र के लिए राहत की बात है। इस मामले की सुनवाई अब 28 जुलाई को होगी। न्यायालय ने सुझाव दिया है कि गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य में आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को सत्यापन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए। मुझे विश्वास है कि आयोग उच्चतम न्यायालय के इस सुझाव पर अमल करेगा। इसका इंतज़ार करते हैं।

## *यह प्रक्रिया पहले शुरू करनी चाहिए थी*

*द्विवेदी ने कहा कि आधार नागरिकता का सबूत नहीं है। लेकिन पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग नागरिकता नहीं तय करता ये काम गृहमंत्रालय का है। पीठ ने प्रक्रिया के समय पर भी सवाल उठाया और कहा कि अगर आपको मतदाता सूची का सघन पुनरीक्षण करना था तो यह प्रक्रिया पहले शुरू करनी चाहिए थी। नवंबर में चुनाव होने हैं अब समय कम है। कोर्ट ने पूछा कि क्या सभी लोगों को अपनी बात रखने और नाम मतदाता सूची में शामिल कराने का मौका मिलेगा। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि कोई भी वास्तविक मतदाता नहीं छूटेगा। चुनाव आयोग घर घर जाकर हस्ताक्षरित फार्म एकत्र करेगा। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत भारत में मतदाता होने के लिए नागरिकता की जांच आवश्यक है।*

मुख्यमंत्री ने किया निः शुल्क साइकिल वितरण अभियान का शुभारंभ, विद्यार्थियों से बोले-

# नौकरी करने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें



- प्रतीक स्वरूप 50 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित कीं
- शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए महू, देवास, नरसिंहपुर के स्कूलों को 5-5 लाख का पुरस्कार
- उज्जैन में प्रारंभ होगा आईआईटी का सेटैलाइट सेंटर

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण और रोजगार परक शिक्षा ही किसी देश की मजबूती का आधार है। बेहतर शिक्षा के बूते ही भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा गणतंत्र बनकर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई पूरी करने के बाद विद्यार्थी केवल नौकरी करने वाले नहीं, नौकरी देने वाले भी बनें। डॉक्टर बनकर छोटे शहरों में अस्पताल खोलें, राज्य सरकार इसके लिए भी 40 प्रतिशत अनुदान प्रदान कर रही है। सरकार युवाओं के स्वावलंबन के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सरकार छोटे शहरों में मेडिकल कॉलेज खोलने पर जोर दे रही है, जिसके फलस्वरूप प्रदेश में आगामी 2 वर्ष के अंदर एमबीबीएस की सीटें 10 हजार हो जाएंगी। मध्यप्रदेश इकलौता ऐसा राज्य है, जहां नीट पास करने के बाद सरकार मेडिकल एजुकेशन के लिए विद्यार्थियों को भरपूर सहयोग कर रही है।

डॉ. यादव गुरुवार को शासकीय कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव और साइकिल वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए महू, देवास, नरसिंहपुर के विद्यालयों को बेहतर शैक्षणिक प्रबंधन विकास के लिए 5-5 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों को निःशुल्क साइकिल वितरण के 2 दिवसीय अभियान का शुभारंभ करते हुए 50 विद्यार्थियों को प्रतीक स्वरूप निः शुल्क साइकिलें वितरित कीं। डॉ. यादव का विद्यार्थियों ने एक धुन में साइकिल की घंटी बजाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और डॉ. यादव का अभिवादन किया। अभियान के पहले दिन विभिन्न जिलों में विद्यार्थियों को 4 लाख 30 हजार साइकिलें बांटी गईं। उन्होंने बताया कि उज्जैन में आईआईटी का सेटेलाइट सेंटर शुरु होगा।

डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनि विद्यालयों में बच्चों के आवागमन के लिए शासकीय बस सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। दूसरी ओर, पात्र स्कूली बच्चों को विद्यालय आने-जाने के लिए राज्य सरकार साइकिलें बांट रही है। ये साइकिलें हमारी आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं। इनसे हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। सरकार अगले सत्र में बच्चों को यूनिफॉर्म तैयार करवा कर बांटेगी। साथ ही अगले वर्ष 75 प्रतिशत तक अंक लाने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लगभग 1 लाख लैपटॉप बांटे जाएंगे। प्रदेश सरकार मेधावी विद्यार्थियों को इलेक्ट्रिक स्कूटी भी वितरित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष झाबुआ और रतलाम सांदीपनि विद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार मिला। दसवीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्राइवेट स्कूलों को पीछे छोड़ दिया। विश्नोई और श्रीमती बख्तौर खान को अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया। वहीं स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि गुरुपूर्णिमा हमारे लिए अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव में गुरुजनों का किया सम्मान



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरु पूर्णिमा के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में गुरुजनों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए शिक्षक मनोज सोहनी, देवेंद्र बंसल, डॉ. एस.के. पाल, मनोज कौशल, सुरीत दास बनोथे, श्रीमती शुभांगी नामड़े, श्रीमती सारिका शर्मा, श्रीमती वंदना रामचंदानी, योगेश डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी शिक्षकों एवं छात्रों को गुरु पूर्णिमा महोत्सव की शुभकामानाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में 369 सांदीपनि विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

## सांदीपनि विद्यालय के सर्व सुविधा युक्त भवन का लोकार्पण

उन्होंने भोपाल के कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय के 36 करोड़ की लागत से तैयार नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस भवन में प्रयोगशाला, लाइब्रेरी और ऑडिटोरियम की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। शाला परिसर में आगमन पर विद्यार्थियों द्वारा बैंड की धुन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा संतोषी साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को हस्तनिर्मित पोर्ट्रेट भेंट कर उनका अभिवादन किया और कुमारी दीप्ति उईके ने गुरुवंदना की मनमोहक प्रस्तुत दी।



## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण आज

**बैतूल,देशबन्धु।** सामाजिक जन कल्याण समिति द्वारा आज 11 जुलाई को नवीन प्राथमिक शाला गेंदा चौक में विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की जाएगी। यह कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे से आयोजित किया गया है, जिसमें स्कूली बच्चों को पेन, पेंसिल सहित अन्य जरूरी सामग्री दी जाएगी। समिति के अध्यक्ष सूरज लाल मंडलेकर ने बताया कि समिति का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करना है।

### आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**बैतूल,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जनजातीय वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को लाभान्वित करने के लिए बैतूल जिले को भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुए है। जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त ने बताया कि इच्छुक बेरोजगार जनजातीय युवक-युवतियां अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, समग्र आईडी, आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो परियोजना संबंधी प्रपत्र के साथ उपस्थित होकर अपने नजदीकी एमपी ऑनलाईन केन्द्र से समस्त पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर मूल आवेदन संबंधित बैंक शाखा में जमा कर सकते है।

### जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 16 को

**बैतूल,देशबन्धु।** जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 16 जुलाई को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन ने बताया कि बैठक में जिला पंचायत के त्रैमासिक आय-व्यय माह अक्टूबर 2024 से माह दिसंबर 2024, माह जनवरी 2025 से माह मार्च 2025 एवं माह अप्रैल 2025 से माह जून 2025 पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा जिला पंचायत के मूल कर्मचारियों एवं डीआरडीए सीधी भर्ती के कर्मचारियों की पदोन्नति पर एवं. आजीविका प्लाजा प्रोजेक्ट पर चर्चा होगी। वहीं परियोजना अधिकारी (संविदा) डीआरडीए जिला पंचायत बैतूल श्रीमती ललिता कर्णे को 1 अप्रैल 2014 से 31 जुलाई 2024 तक पारिश्रमिक/मानदेय में हुई वृद्धि अनुसार स्वत्व राशि रूपये 28 लाख 70 हजार 695 के भुगतान पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

### मधुमक्खियों के छत्तों से जनसुरक्षा पर संकट,कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

**बैतूल,देशबन्धु।** जिले में होटलों, ऊंची इमारतों, जल-टंकियों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर मधुमक्खियों के छत्ते लगातार पाए जाने से अप्रिय दुर्घटनाओं की आशंका को ध्यान में रखते हुए बैतूल कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है।कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिले के समस्त होटल संचालकों, ऊंची इमारतों के प्रबंधकों, शासकीय एवं अशासकीय भवनों के जिम्मेदारों तथा जल-टंकियों के प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे सुनिश्चित करें कि उनके परिसरों में मधुमक्खियों के छत्ते न हों। यदि छत्ते लगे पाए जाएं, तो उन्हें मान्यता प्राप्त मधुमक्खी नियंत्रण विशेषज्ञों अथवा नगर पालिका या फायर ब्रिगेड विभाग की सहायता से सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए हटवाया जाए। आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि मधुमक्खियों के छत्ते हटाने की प्रक्रिया के दौरान स्थानीय नागरिकों को अग्रिम सूचना दी जाए और समुचित सावधानियां बरती जाएं ताकि किसी को कोई नुकसान न पहुंचे। साथ ही हटाए गए छत्तों के अवशेषों को भी उचित तरीके से नष्ट करना अनिवार्य होगा, जिससे मधुमक्खियां दोबारा आकर्षित न हों। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने समस्त नगर पालिकाओं, नगर परिषदों एवं ग्राम पंचायतों को अपने-अपने क्षेत्रों में इस दिशा में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। संबंधित भवन स्वामियों को समय-समय पर आवश्यक निर्देश भी दिए जाएंगे।

### मुलताई के 6 किसानों को मिलेंगे फसल बीमा के साढ़े 3 लाख रुपए

**बैतूल,देशबन्धु।** मुलताई तहसील के ग्राम सावंगी, चिखलीकला, सोंढ़िया, सोनोरी व टेमझीरा-अ के 6 किसानों को फसल बीमा राशि के साढ़े तीन लाख रूपये का भुगतान स्टेट बैंक मुलताई, बैंक ऑफ महाराष्ट्र को सहकारी बैंक खेड़ीकोर्ट द्वारा करने के आदेश उपभोक्ता आयोग बैतूल के द्वारा दिया गया है। यह आदेश उपभोक्ता आयोग के माननीय अध्यक्ष/न्यायाधीश विजय कुमार पाण्डेय व माननीय सदस्य चन्द्रशेखर माकोड़े द्वारा दिया गया है।

एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि बैंकों द्वारा किसानों का पटवारी हल्का नंबर व कृषि से संबंधित राजस्व दस्तावेजों की जानकारी पोर्टल पर सही दर्ज नहीं करने के कारण इन किसानों को फसल बीमा राशि नहीं मिली थी, उपभोक्ता आयोग बैतूल में प्रकरण दर्ज करने के बाद आयोग द्वारा दिये गये आदेश के अनुसार किसानों को अपनी बीमा राशि बैंकों से मिलेगी। आयोग ने अपने आदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की गाईडलाईन में कंडिका 35.5.7 में वित्तीय संस्थायें/बैंक के दायित्व के संबंध में प्रावधान किया है कि बैंक यह सुनिश्चित करें कि ऋणी और गैर-ऋणी दोनो किसानों के लिये प्रीमियम संबंधित बीमा कंपनियों को प्रेषित किया जाये तथा निर्धारित समय सीमा में राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर संबंधित डेटा अपलोड किया जाये।

आयोग के आदेश के बाद बैंक ऑफ महाराष्ट्र मासोद द्वारा सावंगी के महादेव दौलत घोड़की को 1 लाख 16 हजार 171 रू, सहकारी समिति साबड़ी सहकारी बैंक खेड़ीकोर्ट द्वारा ग्राम सोनोरी के भीमराम सोनू धोटे को 50 हजार 179 रू तथा उमराव सखाराम पाण्डेय (कुन्बी) 62 हजार 527 रू., ग्राम टेमझीरा-अ के रामा गेंदू बारस्कर को 70 हजार 368 रू. दिये जाएंगे।

---

2 घंटे में स्लाट भर गए

# मूंग खरीदी में देरी से परेशान हो रहे हैं छोटे किसान



**सोहागपुर, देशबन्धु।** वर्षा का मौसम चल रहा है। किसन की मूंग की फसल काटकर घर में आ चुकी है। एक लंबे आंदोलन और प्रदर्शन के बाद सरकार ने मूंग खरीदने का जैसे तैसे निर्णय लिया और 30 जुन तक मूंग पंजीयन करने के तारीख घोषित हुई तथा 7 जुलाई से मूंग खरीदी का निर्णय हुआ, परंतु गुरुवार तक किसी भी केंद्र पर खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई, जिससे छोटे किसान परेशान है। उनके पास बरसात में मूंग रखने की समस्या है। कई किसानों ने कम रेट पर मूंग बेच दी है।

प्रभारी कृषि विस्तार अधिकारी सुनील बरडे ने बताया गुरुवार को अधिकांश खरीदी केन्द्रो पर तौल कांटों की पूजा हो चुकी है और सर्वेयरो की लिस्ट जारी हुई किस खरीदी केंद्र में कौन सा सर्वेयर रहेगा। पता चलने के बाद अब खरीदी सुचारू रूप से चलेगी। वहीं एसडीएम अनिल जैन ने बताया कि बारदाने सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं हो गई है। अब शुक्रवार से मूंग खरीदी प्रारंभ हो जाएगी। छोटे किसानों को प्राथमिकता तौर पर मूंग तुलवाई जाएगी। वह स्वयं जाकर सभी केन्द्रो को देख रहे हैं। किसी को परेशानी ना हो ऐसे निर्देश समिति प्रबंधकों को दिए है।

**2 घंटे में ही स्लाइड बुक और बंद :** किसान को मूंग का पंजीयन करने के बाद फसल बेचने के लिए स्लाट बुक करना पड़ता है। स्लाट केवल 2 घंटे के लिए ही खोले गए थे। मूंग बेचने किसान इतना परेशान है कि 2 घंटे में पूरे स्लाट बुक हो गए। अब जिनके स्लाट बुक है उनकी मूंग खरीदी जाने के बाद अन्य किसानो के स्लट खोले जाएंगे, जिससे अन्य किसान अपनी फसल बेंच पाएंगे।

**किसान संघ टिकैत निधि चेतावनी :** समिति प्रबंधक, सर्वेयर, जांच अधिकारी, व्यापारियों की मिली भगत से अमानक मूंग भी समर्थन मूल्य पर तोला दी जाती है, जिसमें भारी भ्रष्टाचार होता है, जिसके चलते किसान संघ टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि इस वर्ष यदि कहीं भी गड़बड़ी पाई जाएगी, खरीदी में लेनदेन होगा तो वह आगे जाकर संबंधित समिति प्रबंधक सर्वेयर सहित दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करवाएंगे। इस पूरे मामले में कहीं ना कहीं किसान की भी गलती रहती है जो जल्दी फसल बेचने के चक्कर में दलालों, कथित व्यापारियों, सर्वेयरों, समिति प्रबंधको के जहां से में आकर पैसा दे देते हैं, परंतु कुछ लोगों का कहना है भारी बरसात है, जानबूझकर परेशान किया जाता है ।जैसे -तैसे फसल बिक जाए और पैसा घर आ जाए यही किसान चाहता है, इसके लिए समझौता होता है।

---

# 24 घंटे बाद मिला ओल नदी में डूबे बुजुर्ग का शव



◆ **ग्रामीणों में प्रशासन की लापरवाही से भड़का गुस्सा**

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्रमांक 06 स्थित ओल नदी में बुधवार को डूबे 50 वर्षीय बुजुर्ग तखत सिंह कहार का शव घटना के करीब 24 घंटे बाद गुरुवार दोपहर नदी की झाड़ियों में बरामद हुआ। शव घटनास्थल से लगभग 300 मीटर दूर मिला। इस दौरान परिजनों और ग्रामीणों ने प्रशासन पर घोर लापरवाही और उदासीनता के गंभीर आरोप लगाए हैं।

जानकारी के मुताबिक, बनखेड़ी के एक्सचेंज ऑफिस निवासी तखत सिंह बुधवार सुबह 10 से दोपहर 12 बजे के बीच ओल नदी किनारे अपनी खेत की मोटर सुधारने गए थे। उनकी पत्नी भी साथ थी। मोटर मरम्मत के बाद तखत सिंह ने पत्नी को औजार लेकर घर भेजा। लेकिन जब वह लौटी तो तखत सिंह वहां नहीं मिले। स्थानीय बच्चों ने बताया कि दादा नदी में गिर गए। इसके बाद परिजन और बस्ती वाले उन्हें ढूंढते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थक-हार कर परिजनों ने शाम को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई त्वरित कार्रवाई नहीं की गई।

गुरुवार सुबह स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वार्डवासियों ने मीडिया के माध्यम से प्रशासनिक अमले को चेताया, तब जाकर अधिकारी हरकत में आए। तहसीलदार अंजू लोधी, नायब तहसीलदार राम सिपाही मरावी, आरआई गुलाब साहू, थाना प्रभारी सुधाकर बारसकर, एसआई मनमोहन सिंह ठाकुर और अरविंद सराठे, इरशाद खान नगर परिषद बचाव दल मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने एनडीआरएफ और एसडीईआरएफ को भी सूचना दी, लेकिन एनडीआरएफ टीम घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। अंतत: उमरधा में लगी एसडीईआरएफ नगर सैनिक दयालाल प्रजापति, सुरेश राठौर और मनीष पटेल की टीम मौके पर पहुंची और केवल एक घंटे की सर्च ऑपरेशन में शव बरामद कर लिया। शव स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

---

नगरपालिका में हुई जनसुनवाई

## नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नगरपालिका कार्यालय में गुरूवार को जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। आज जनसुनवाई मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा की गई। जनसुनवाई में उपयंत्री आयुषी रिछारिया, रीना गुप्ता, दीक्षा तिवारी आदि उपस्थित रहीं।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रति गुरूवार जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। आज करीब 10 से अधिक समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया। वार्ड नंबर 22 में नाली पर अतिक्रमण कर मकान बनाने की शिकायत की गई। जिसे जांच लिया गया है। ग्वालटोली में एक मकान की दीवार जर्जर हो गई है उसे डिस्टमेंटल करने के लिए नगरपालिका से मदद मांग की गई। बीटीआई क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की शिकायत आई जिसे चालू कराया गया। सड़क से मिट्टी हटाने की शिकायत का तत्काल समाधान किया गया।

## चंद्रविद्या स्कूल में माना गुरु पूर्णिमा का पर्व



**सोहागपुर, देशबन्धु।** नगर के पुराने अस्पताल के सामने स्थित चंद्र विद्या स्कूल में नर्सरी से पांचवी तक के विद्यार्थी अध्यनरत है। विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर सबसे पहले पूजन अर्चन की गई। सभी बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया फिर शिक्षकों ने गुरु और शिष्य के महत्व को बताया। बच्चों ने शिक्षकों के चरण छूकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य भावना शर्मा सहित शिक्षक शिक्षिकाएं और छोटे-छोटे बच्चे उपस्थित रहे।

## जटाशंकर कावड़ यात्रा 14 से

**सोहागपुर, देशबन्धु।** नर्मदापुरम के सेठानी घाट से पचमढ़ी के जटाशंकर तक प्रतिवर्ष कावड़ यात्रा निकाली जाती है। इस का यात्रा में श्रद्धालु सेठानी घाट से मां नर्मदा का जल भरकर एक सप्ताह में लगभग 130 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर पचमढ़ी पहुंचते हैं, जहां पर वह भगवान जटाशंकर महादेव का नर्मदा जल से अभिषेक करते हैं। यह कावड़ यात्रा पिछले 22 वर्षों से निरंतर चल रही है। इस वर्ष भी 14 जुलाई से 21 जुलाई तक श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ कावड़ यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हजारों शिवभक्त बोल बम के जयघोष के साथ नर्मदा के तट से जटाशंकर तक की पदयात्रा पर निकलेंगे। यात्रा का प्रारंभ 14 जुलाई को प्रात: 9 बजे सेठानी घाट नर्मदापुरम से होगा, वहीं एक दिन पूर्व 13 जुलाई को माँ नर्मदा चुनरी महोत्सव दोपहर 3 बजे सेठानी घाट पर मनाया जाएगा, जिसमें नर्मदा माँ को चुनरी चढ़ाई जाएगी। इसके अलावा शाम के समय मां नर्मदा का सवालाख दीपों से श्रृंगार किया जाएगा।

---

# शिक्षा अनेक से किंतु दीक्षा एक से ही प्राप्त होती है: मुनि विनत सागर

**आमला, देशबन्धु।** पर्व और त्यौहार दोनों के अलग ही रूप है पर्व जहां त्याग,उपासना,तपस्या का रूप है वहीं त्यौहार उमंग और उल्लास को प्रदर्शित करता है।शिक्षा हम कई गुरुओं से प्राप्त कर सकते है, किंतु दीक्षा हमे केवल एक ही गुरु से प्राप्त होती है। उक्त विचार मुनिश्री 108 विनत सागर ने आज अपने प्रवचन में व्यक्त किए । मुनि विनत सागर का चातुर्मास आमला में प्रारंभ हुआ।

इसी संदर्भ में आमला के जैन समाज के संत निवास पर भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुनि विनत सागर के साथ श्रमण विश्ववद्सागर मुनि की उपस्थित में यह महाआयोजन हो रहा है। आज कार्यक्रम में मंगलाचरण में समाज के बच्चों ने भावविभोर होकर सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। तत्पश्चात सभी ने पाद प्रक्षालन कर मुनि का आशीर्वाद लिया। गुरु भक्ति के अंतर्गत मुनि को अर्घ्य दिया तथा समाज के सभी वर्ग वरिष्ठ जन,युवा वर्ग, महिला, बच्चे, बेटियों ने बड़े ही मनोभाव से झूमते हुए भक्तिपूर्ण भाव से मुनि के चरणों में वंदना की।



उल्लेखनीय है कि आज मुनि 108 विनत सागर का अवतरण दिवस भी है तथा गुरुपूर्णिमा भी आज है। यह सुखद संयोग भी सभी को भावविभोर कर रहा था, सभी ने सुंदर सुंदर गीत भी गाए। कार्यक्रम के अंत में सकल जैन समाज आमला के अध्यक्ष ने सभी के प्रति आभार प्रकट किय।

---

धार्मिक मंडलों द्वारा मिलजुल कर आयोजन किये जाते है

# प्रज्ञा पुराण कथा का लाभ ले रहे श्रद्धालु



**बैतूल बाजार, देशबन्धु ।** बैतूल बाजार में भारतीय संस्कृति को जीवंत रखने हेतु अनेक धार्मिक मंडलों द्वारा मिलजुल कर आयोजन किये जाते है। इसी तारतम्य में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ कैलाश वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुंडीय यज्ञ में नगर के श्रद्धालु बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। आयोजन समिति द्वारा विशिष्ट अतिथियो को पंडित श्रीराम शर्मा द्वारा रचित सद्साहित्य भेंट देकर सम्मानित किया जा रहा है। इसके पूर्व बरसते पानी मे कलश यात्रा में उत्साह देखने को मिला। गायत्री प्रज्ञापीठ के परिव्राजक पं विनायक धोटे द्वारा संगीतमय प्रज्ञा पुराण का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गुरुपूर्णिमा के अवसर पर विद्यारम्भ संस्कार, दीक्षा संस्कार, मुंडन संस्कार, जन्मदिवस व विवाहदिवस आदि संस्कार निशुल्क कराए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन व प्रसादी वितरण 11 जुलाई को होगा। मंदिर प्रबंधन समिति के ऊदल पवार व आशीष कोकने ने श्रद्धालुओ से अधिक संख्या में पधारने का आव्हान किया है।

## शासकीय महाविद्यालय आठनेर में गुरू पूर्णिमा पर हुआ कार्यक्रम

**आठनेर, देशबन्धु।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय आठनेर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। सर्वप्रथम छात्र/छात्राओं ने गुरूजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया इसके पश्चात सेवानिवृत प्राचार्य एवं गायत्री परिवार के सक्रिय सदस्य आरके पालीवाल का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पालीवाल ने अपने उद्बोधन में बुद्धि मन व आत्मा के बीच परस्पर सम्बन्ध को बताया उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक गुरू हमारे जीवन को सही रास्ता दिखाते है। शासकीय महाविद्यालय आठनेर की प्राचार्य डॉ सरोज पाटील ने सभी को गुरू पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरू हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। महाविद्यालय परिवार के डॉ निर्मल विस्वास ने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि कार्य के पीछे लगन मैंने अपने गुरूजनो से सीखा है जो मेरे व्यवहार में दिखलाई देता है। डॉ साधना ठाकुर ने कहा कि यह दिन गुरू शिष्य परम्परा के सम्मान को दर्शाता है। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं द्वारा गुरू सम्मान में कविता एवं गीत प्रस्तुत किये गए। छात्रा शालिनी कामड़े ने बताया कि गुरू हमे सही मार्गदर्शन देता है।



## मानसरोवर द स्कूल में श्रद्धा के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**बैतूल, देशबन्धु।** मानसरोवर द स्कूल में गुरु पूर्णिमा का उत्सव परंपरा, श्रद्धा और भारतीय संस्कृति के मूल भावों के साथ मनाया गया। गुरु बिन ज्ञान नहीं, जीवन में सम्मान नहीं इसी विचार को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को गुरु के मार्गदर्शन में जीवन को श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा दी गई।

कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन डॉक्टर विनय सिंह चौहान, डायरेक्टर डॉक्टर पुष्पलता साबले, अन्नू जसूजा, पंकज साबले, लीलाराम सरले और प्राचार्य एस वी चंद्रशेखर विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य ने गुरु की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि जीवन में कोई सबसे बड़ा पथ प्रदर्शक होता है तो वह केवल गुरु ही होता है। विद्यार्थियों को बताया कि गुरु पूर्णिमा को वेदव्यास जयंती के रूप में भी मनाया जाता है।



---

# लायंस क्लब महक ने किया खंडेलवाल का सम्मान



**बैतूल,देशबन्धु।** क्लब महक की टीम ने भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से सौजन्य भेंट कर उन्हें बधाई दी, उनके नए दायित्व के लिए पूर्ण समर्थन और शुभकामनाएं भी प्रकट कीं। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष लायन उमा पवार, चार्टर प्रेसिडेंट लायन सपना सोनी, लायन कंचन आहूजा, लायन डॉ. निहारिका भावसार, कोषाध्यक्ष संध्या बोहरे और कैंसर एक्टिविटी चेयरपर्सन लायन कीर्ति चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। लायंस क्लब की सदस्यों ने कहा कि हेमंत खंडेलवाल एक अनुभवी, सुलझे हुए और जनभावनाओं को समझने वाले नेता हैं, उनके नेतृत्व में प्रदेश भाजपा संगठन निश्चित ही नई ऊंचाइयों को छुएगा। सभी ने इस अवसर पर आशा जताई कि हेमंत खंडेलवाल का कार्यकाल संगठन के साथ-साथ आमजन की अपेक्षाओं पर भी खरा उतरेगा।

◆ **कार्यकाल संगठन के साथ-साथ आमजन की अपेक्षाओं पर भी खरा उतरेगा**

## युवा संगम रोजगार मेले में 86 युवाओं का प्राथमिक चयन हुआ

**हरदा, देशबन्धु।** शासकीय आई टी आई हरदा में गुरूवार को युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 165 बेरोजगार आवेदक ने अपना पंजीयन कराया। मेले में 6 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर कुल 86 बेरोजगार आवेदकों का प्राथमिक चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किये। कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा आयोजित इस युवा संगम कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ एवं परामर्श शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में स्वास्थ विभाग के दल ने 58 युवाओं का नि:शुल्क स्वास्थ परीक्षण कर दवाईयां वितरित की।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### दादा गुरु की कुटी पर हुआ कार्यक्रम



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** गुरूपूर्णिमा पर समर्थ दादा गुरू की कुटी पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव शामिल हुई और उन्होंने पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री विश्वास सारंग, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, झुझोप्र के प्रदेश संयोजक अखिलेश खंडेलवाल, भरत सिंह राजपूत, राहुल सोलंकी सहित भाजपा नेतागण शामिल हुए और उनका अशीर्वाद लिया।


### गुरुपूर्णिमा पर सम्पन्न हुई मां नर्मदा की महाआरती



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** गुरुपूर्णिमा पर सेठानीघाट पर पंच विप्रजनों द्वारा माँ नर्मदाजी की महाआरती सम्पन्न हुई । मां नर्मदा महाआरती समिति सेठानी घाट के संयोजक प्रशांत दुबे (मुन्नू) ने बताया कि श्रद्धालुओं ने महाआरती में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

### शांतिनिकेतन के भावेश साहू सीए बने

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शांतिनिकेतन मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र भावेश साहू के सीए



बनने पर आज शाला की चेयरपर्सन श्रीमती ग्रेस जॉर्ज ने सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ,भावेश साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप भविष्य में जो भी बनना चाहे अगर मन में ठान ले तो कोई राह मुश्किल नहीं।

### जागरूकता शिविर सम्पन्न

**हरदा, देशबन्धु।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिला सशक्तिकरण कार्यालय हरदा में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में बाल विवाह रोकथाम संबंधी नियमों व कानूनों तथा पाक्सों एक्ट के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली नि:शुल्क सेवाओं, महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, चाईल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, साइबर हेल्पलाइन नम्बर व सीएम हेल्पलाइन 181 के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित महिलाओं को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करने के लिये प्रेरित भी किया गया। शिविर में परियोजना अधिकारी श्रीमती सीमा जैन, सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती निकहत खान सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व महिलाएं उपस्थित थी।

### अवैध उत्खनन में शामिल डम्पर जप्त

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम की कार्यवाही जारी है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि गुरूवार को खनिज विभाग के दल ने ग्राम हीरापुर मे खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच की। जांच के दौरान पोकलेन मशीन द्वारा मुरम का अवैध खनन किया जाना पाया गया। जांच के समय मौके पर डम्पर नम्बर एमपी 08 जीए 2799 मुरम से भरा पाया गया, जिसे जप्त कर थाना हंडिया में खड़ा किया गया है। प्रकरण मे गौण खनिज नियमों के तहत कार्यवाही प्रस्तावित जावेगी।

### विश्व जनसंख्या दिवस अभियान में होगा गतिविधियों का आयोजन

**हरदा, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष 11 जुलाई को 'विश्व जनसंख्या दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस हेल्दी टाइमिंग एण्ड स्पेसिंग बिटविन प्रेग्नेंसीस फॉर प्लान्ड पेरेन्टहूड की थीम पर मनाया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष 11 जुलाई से 11 अगस्त के मध्य विश्व जनसंख्या दिवस अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 11 जुलाई से 11 अगस्त तक जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी। इस हेतु जिला चिकित्सालय में 11 जुलाई से प्रतिदिन नसबंदी शिविर लगाया जाएगा। उन्होने बताया कि इच्छुक योग्य दम्पत्ति जिला चिकित्सालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपस्थित होकर नि:शुल्क नसबंदी सेवाएं प्राप्त कर सकते है। उन्होने बताया कि नसबंदी कराने वाली प्रत्येक महिला को 2000 रुपये प्रोत्साहन राशि व प्रेरक को 300 रुपये तथा पुरूष नसबंदी कराने पर 3000 रूपये प्रोत्साहन राशि व प्रेरक को 400 रूपये दिये जाते हैं। प्रसव के पश्चात 7 दिवस के अंदर नसबंदी कराने वाली महिला हितग्राही को 3000 रूपये और प्रेरक को 400 रूपये दिये जाते हैं।

**गुरु पूर्णिमा पर हुए कई आयोजन**

# गुरु वंदना से गूंजा स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** गुरु पूर्णिमा पर्व स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्रद्धा, भक्ति और संस्कारों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। स्टूडेंट कैबिनेट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, नृत्य, भजन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने गुरुओं के प्रति आदर और आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी, सुभाशीष चटर्जी, प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी, जनरल मैनेजर मैडम सोनल सोखी एवं उपप्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी पलोहिया उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने गुरु को ईश्वर से भी ऊपर बताते हुए गुरु गोविंद दोऊ खड़े... दोहे से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर ने गुरु-शिष्य परंपरा को साकार रूप प्रदान किया। विद्यार्थियों द्वारा सभी मुख्य अतिथियों और पूज्य शिक्षकों का तिलक एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल उत्सव नहीं, बल्कि संस्कारों और कृतज्ञता की भावना को जाग्रत करना था। अपने उद्बोधन में डॉ आशीष चटर्जी ने कहा कि आपको सफल बनाने के लिए ईश्वर ने एक पीढ़ी पहले आपके माता पिता उर शिक्षकों को भेजे दिया था जो हरेक विद्यार्थी को सफल बनाने के लिए सदैव समर्पित हैं। उनके प्रति सम्मान और समर्पण के माध्यम से अपना अभीष्ट प्राप्त किया जा सकता है।

## द चैम्प्स फन स्कूल में हुआ गुरु पूर्णिमा उत्सव



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल के रामायण हॉल में आज गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत परम श्रद्धा भाव से गुरु मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ की गई। गुरु मंत्र के पाठ के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी एवं निदेशक श्रीमती जूही चटर्जी ने मां सरस्वती के चित्र पर श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित किए। इसके बाद कक्षा यूकेजी के विद्यार्थियों द्वारा गुरु वंदना स्वरूप दोहे एवं गुरु मंत्रों का भावपूर्ण गायन किया गया, जिन्हें विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया जिसके पश्चात बच्चों ने एक लघु नाटिका के माध्यम से गुरु के महत्व को सरस और सरल तरीके से दर्शाया। तत्पश्चात विद्यालय की ओर से सभी शिक्षकों को पुष्प एवं श्रीफल भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने अपने प्रेरणास्पद संबोधन में गुरु के वास्तविक अर्थ, उनकी भूमिका तथा गुरु मंत्र और दोहे का विस्तृत अर्थ सरल भाषा में समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को माता, पिता, गुरु तथा गुरुजनों के प्रति आदर, समर्पण और कृतज्ञता भाव रखने की प्रेरणा दी। इसके उपरांत अवंतिका संस्था नई दिल्ली की ओर से एक्सिलेंट टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड विद्यालय की निदेशक श्रीमती जूही चटर्जी, श्रीमती नेहा राठौर एवं सुश्री विनम्रता तिवारी को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती स्नेहा राजपूत एवं सुश्री खुशी पटेल रही। मंच संचालन सुश्री मनीषा तोमर एवं सुश्री खुशी पटेल ने किया कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त सुश्री मनीषा तोमर ने किया सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## पं रामलाल शर्मा स्कूल में मनाया गुरु पर्व



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर विद्यालय पंडित रामलाल शर्मा इंग्लिश मीडियम स्कूल में समस्त शिक्षकों का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्रीमती निशा चौबे एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे विद्यार्थियों ने समस्त गुरुओं का सम्मान हर्षोल्लाह से किया इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा गुरु परंपरा के साथ गुरु वंदना प्रस्तुत की।

## गायत्री शक्तिपीठ में गुरुपूर्णिमा पर्व संपन्न



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार नर्मदापुरम के द्वारा दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ गायत्री शक्तिपीठ में मनाया गया। प्रथम दिवस 9 जुलाई को प्रात: सभी साधकों ने गायत्री महामंत्र का अखंड जाप गायत्री शक्तिपीठ पर किया तथा द्वितीय दिवस गुरु पूर्णिमा पर्व पर प्रात: पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ सेठानी घाट नर्मदा पुरम में किया गया, जिसमें विभिन्न संस्कार गुरु दीक्षा संस्कार सहित नामकरण संस्कार,जन्म दिवस संस्कार आदि संस्कार संपन्न कराए गए लगभग 165 परिजनों द्वारा संस्कार कराए गए एवं सभी परिजनों के द्वारा विश्व कल्याण की प्रार्थना करते हुए मां गायत्री को आहुतियां समर्पित की गई।परम पूज्य गुरुदेव वेद मूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीय माताजी के निर्धारित अनुशासन पर चलने का संकल्प गायत्री परिजनो ने लिया । यज्ञ उपरांत सभी ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# हरदा डिग्री कॉलेज में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया



**हरदा, देशबन्धु।** हरदा डिग्री कॉलेज हरदा में गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया ।कार्यक्रम में अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ आर के पाटिल , महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ गिरीश सिंहल, प्राचार्य डॉ अभिलाषा सिंहल, उप प्राचार्य गणेश श्रीवास्तव ने गुरु पूर्णिमा उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. आर. के.पाटिल का सम्मान शॉल श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर किया गया । डॉ पाटिल ने उनके जीवन की प्रेरक बातें विद्यार्थियों को सुनाई।

महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. गिरीश सिंहल ने गुरु शिष्य परंपरा पर प्रकाश डाला । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अभिलाषा सिंहल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए जीवन में आगे बढ़कर समाज में नाम रोशन करने की बात कही।इस दौरान मुख्यमंत्री के आतिथ्य में आयोजित राज्यस्तरीय गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक सत्येंद्र सिंह परिहार, डॉ. सोनिया मोढ़ ,डॉ मनोरमा चौहान, एनसीसी अधिकारी ले. कपिल कुमार दुबे सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक गण सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# ज्ञानगंगा स्कूल में मनाया 25वां स्थापना दिवस

**हरदा, देशबन्धु।** ज्ञानगंगा स्कूल की स्थापना 5 जुलाई 2001 गुरु पूर्णिमा के अवसर पर की गई थी। इन 24 वर्षों में संस्था ने अनेक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। संस्था के छात्र छात्राओं ने 25वां स्थापना दिवस गुरु पूर्णिमा पर अपने गुरुजनों को उपहार देकर पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने भी गुरु की महिमा पर कविता, गीत, भाषण की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त प्राचार्य एवं साहित्यकार ज्ञानेश चौबे का उनके द्वारा समाज को दिये गये योगदान के लिए शाला परिवार द्वारा सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई । छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए श्री चौबे ने बताया कि अनुशासन के साथ ध्यान केंद्रित कर अपना लक्ष्य निर्धारित करे, कार्यक्रम को प्राचार्य



अर्जुन सिंह चौहान ने संबोधित करते हुए 24 वर्षों की यात्रा एवं रजत जयंती वर्ष में प्रवेश पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन 12वी की छात्रा पायल सोलंकी एवं निशिता राजपूत ने किया। अंत में आभार वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती आफरीन खान ने किया।

# बाल अधिकारों के संबंध में किशोर एवं ग्रामीणजन को किया गया जागरूक

- बाल अधिकारों के संबंध में अबगॉव खुर्द,
- सोनखेडी, भुन्नास एवं गोगिया में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

**हरदा, देशबन्धु।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम अबगॉव खुर्द, सोनखेड़ी, भुन्नास एवं गोगिया में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में न्यायाधीश एवं सचिव चंद्रशेखर राठौर ने नालसा डॉन स्कीम के बारे में बताया कि योजना का उद्देश्य, विशेष रूप से युवा व किशोरों में नशीले पदार्थों के उपयोग के विरूद्ध जागरूकता बढ़ाना और नशे के शिकार लोगों को कानूनी सहायता और कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करना है। इस दौरान योजना के विधिक प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणजनों को बताया कि शासन द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये कई सारी योजनाएं संचालित है। माता-पिता को अपने बच्चों को उन योजनाओं के तहत लाभ दिलाना चाहिए तथा अपने बच्चों को स्कूल जाने तथा शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित करना चाहिए। शिविर में बाल अनुकुल विधिक सेवाएं, बच्चों से मैत्रीपूर्ण संबंध, शिक्षा का अधिकार, पॉक्सों एक्ट, बाल श्रम, तस्करी एवं वाणिज्यक यौन शोषण के पीड़ितों को विधिक सहायता, नशा उन्मूलन आदि विषयों पर भी जानकारी प्रदान की गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सौरभ कुमार दुबे ने बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, बाल यौन शोषण, बाल श्रम, साइबर क्राइम विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होने उपस्थित जनों को विधिक सहायता प्राप्त संबंधी जानकारी दी। शिविर में ग्राम अबगॉव खुर्द सरपंच प्रतिनिधि राजेश भाटिया, सचिव मनीष व्यास, ग्राम सोनखेड़ी सरपंच अरूण लौहारिया, सचिव कैलाश योगी, ग्राम भुन्नास सरपंच श्रीमति मीना इवने, ग्राम गोगिया सरपंच टीकाराम विनवार, सचिव धीरासिंह चौहान, ग्रामीणजन महिलाएं, पुरूष बच्चे एवं पैरालीगल वॉलेंटियर्स राधेश्याम विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## हरदा के संजीवनी क्लिनिकों में निजी चिकित्सकों की सेवाएं शुरु



**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के प्रयासों से गुरूवार को निजी चिकित्सकों द्वारा हरदा के संजीवनी क्लिनिकों में अपनी सेवाएं प्रारम्भ की गई। शहर के वार्ड क्र. 34 विकास नगर स्थित संजीवनी क्लिनिक में रेवा नर्सिंग होम की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजूषा पराते ने अपनी सेवाएं दी। इसी प्रकार स्त्री रोग विशेषज्ञ मानकर नर्सिंग होम डॉ. यामिनी मानकर ने हरदा के वार्ड क्र. 31 बैरागढ़ स्थित संजीवनी क्लिनिक में अपनी सेवाएं दी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि इस दौरान विकासनगर के मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में डॉ. पराते ने 39 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा 13 ए.एन.सी परीक्षण किये। बैरागढ़ स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में डॉ. मानकर ने 35 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परिक्षण किया तथा 3 ए.एन.सी परीक्षण भी किये। उल्लेखनीय है कि गत दिवस कलेक्टर जैन ने जिले के निजी चिकित्सकों से हरदा शहर के संजीवनी क्लिनिकों व पॉली क्लिनिक में अपनी सेवाएं देने के लिये चर्चा की थी।

# विद्यार्थियों ने गुरुओं का किया सम्मान



**हरदा, देशबन्धु।** पिनेकल स्कूल में गुरुपूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूल संचालक अब्दुल सईद खान ने बताया कि बुधवार को संस्था में गुरुपूर्णिमा पर्व के महत्व पर निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण हुआ। गुरुवार को विद्यार्थियों ने सरस्वती पूजन कर गुरुओं का पूजन किया। संचालक ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में गुरुओं का महत्व एवं अपनी संस्कृति के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक वासुदेव कुशवाह ,काजल पांडे, प्राचार्य प्रियंका तोमर, कुमकुम पाराशर, शिवराज सिंह ने गुरुपूर्णिमा उत्सव एवं महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं बालक ईशान महलवार ने गुरु का वेश धारण किया। कार्यक्रम में नृत्य नाटिका के माध्यम से उत्सव का महत्व बताया गया। संचालन विपुल सेजकर ने किया।

## उत्कृष्ट विद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम संपन्न

**हरदा, देशबन्धु।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में गुरू पूर्णिमा पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत हरदा दर्शन सिंह गहलोत, शासकीय माध्यमिक शाला हंडिया में पदस्थ शिक्षक राजेंद्र मंडलोई एवं संस्था के प्राचार्य संतोष कुमार यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री गहलोत ने शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री मंडलोई ने गुरु शिष्य परंपरा एवं गुरु के महत्व का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को गुरु के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री यादव ने जीवन में गुरु का महत्व बताया एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संस्था में कार्यरत संस्कृत विषय की शिक्षिका एवं जिला संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती हेमलता अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री गहलोत ने छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण समाज संगठन ने किया आचार्य पुरोहितों का पूजन

**हरदा, देशबन्धु।** ब्राह्मण समाज संगठन के अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में गुरु का बड़ा महत्व है । उनके द्वारा बताए गए सतमार्ग पर चलकर अपना जीवन सफल करते हैं । इस दिन गुरु के स्थान पर जाकर गुरु का पूजन करने का महत्व है। उन्होंने बताया संगठन के वरिष्ठजनो द्वारा पंडित विवेक मिश्र, पंडित हरिओम जोशी कोलारी बाले, पंडित बलराम जोशी पंडित, सुशील जोशी, पंडित कैलाश दुबे, पंडित भागीरथ जी, पंडित मुरलीधर व्यास, पंडित लक्ष्मणाचार्य, पंडित गोविंद पंचोली ,पंडित बिद्याधर जी, पंडित राजेश बिल्लोरे रहटगांव, का पूजन किया गया। संगठन के धर्म संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रफुल्ल दुबे द्वारा मंत्रोचार के साथ सभी आचार्यों का पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्राप्त किया । संगठन के संरक्षक अशोक पाराशर, कैलाश चतुर्वेदी, अनिल अग्निहोत्री, प्रवीण काशिव , हरिनारायण जोशी, सुभाष पस्टारिया, गोपाल शुक्ला, गिरवर चौबे, राजेश दुबे, विपिंन दुबे, नीलेश शुक्ला, परम चोबे, ने पूजन किया। सभी के प्रति आभार सचिव उदय बेलापुरकर व्यक्त किया ।



नर्मदापुरम, शुक्रवार 11 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद

भारत में मुख्यधारा का मीडिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह मानते हुए अब सकारात्मक रवैया अपनाने लगा है, खासकर तब, जबकि इसमें किसी भी तरह भाजपा का हित जुड़ा हो। प्रधानमंत्री बनने से पहले दिल्ली में कॉलेज छात्रों को दिए एक भाषण में अपनी सकारात्मक सोच का उदाहरण देते हुए श्री मोदी ने कहा था कि वे गिलास आधा खाली है या आधा भरा है, इस सवाल पर कहते हैं कि गिलास पूरा भरा है, जो खाली दिख रहा है, वहां हवा भरी है। तो बस तब से देश में ऐसे ही हवा-हवाई माहौल चल रहा है। कुछ रहे न रहे, बस सब चंगा सी की उम्मीद पर देश को चलाया जा रहा है। मीडिया भी तथ्यों को न देखकर हवा-हवाई बातों को बढ़ा रहा है। जैसे गुरुवार को मीडिया ने इस बात को जोर-शोर से चलाया कि चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। चुनाव आयोग की बिहार में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की कवायद पर शीर्ष अदालत ने कोई रोक नहीं लगाई है। लेकिन ये हवा से आधे भरे गिलास का उदाहरण है। असल बात ये है कि शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से साफ तौर पर कहा है कि वह जिन 11 दस्तावेज की मांग मतदाताओं से कर रहा है, उसमें आधार कार्ड को भी शामिल किया जाए। अदालत ने चुनाव आयोग से यह भी कहा है कि आप नागरिकता के मुद्दे पर क्यों जा रहे हैं, यह गृहमंत्रालय का विषय है। कुल मिलाकर सुप्रीम कोर्ट ने तथ्यों और तर्कों के आधार पर ही सुनवाई होने दी और उसकी अहम टिप्पणियां भी इन्हीं के आधार पर थीं। सुप्रीम कोर्ट न पूरी तरह चुनाव आयोग के पक्ष में दिखा, न उसने याचिकाकर्ताओं की तरफ कोई पक्षपात दिखाया, बल्कि उसकी तटस्थता साफ नजर आई, फिर भी मीडिया में चलाए जा रहे शीर्षक यह भ्रम पैदा कर रहे हैं कि बिहार में जिस मुद्दे को लेकर 9 जुलाई को विपक्ष ने इतना बड़ा हल्ला बोल किया, उस मुद्दे पर विपक्ष को अदालत में झटका मिला है। जबकि ऐसा नहीं है।

गौरतलब है कि बिहार में चुनाव से ठीक पहले चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' (एसआईआर) की कवायद शुरु की और इसके लिए केवल एक महीने का ही वक्त मतदाताओं को दिया कि वे अपने नागरिक होने का प्रमाण खुद ही पेश करें। आयोग ने 11 दस्तावेज की सूची जारी की और कहा कि इनमें से किसी को पेश करने पर ही किसी का नाम मतदाता सूची में आएगा, अन्यथा काट दिया जाएगा। आसान शब्दों में कहें तो चुनाव आयोग ने बिहार के मतदाताओं से खुद के नागरिक होने का सबूत मांगा, जबकि इसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड और मनरेगा कार्ड को मान्यता नहीं दी, जबकि करोड़ों गरीबों के पास यही सबसे सुलभ पहचानपत्र होते हैं और इन्हें भी सरकार ही जारी करती है। इस फैसले को लोकतांत्रिक अधिकार पर सीधा हमला करते हुए चुनाव आयोग के समक्ष विपक्ष ने अपना विरोध दर्ज कराया था, फिर भी कोई समाधान नहीं निकला तो विपक्ष ने 9 जुलाई को बिहार बंद करवाया और इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे भी खटखटाए। 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के अलावा राजद सांसद मनोज झा, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, कांग्रेस के के. सी. वेणुगोपाल, राकांपा (शरद पवार गुट) की सुप्रिया सुले, भाकपा के डी. राजा, सपा के हरिंदर सिंह मलिक, शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के अरविंद सावंत, झामुमो के सरफ़राज़ अहमद, और भाकपा (माले) के दीपंकर भट्टाचार्य, इन सभी ने शीर्ष अदालत से चुनाव आयोग के आदेश को रद्द करने की मांग की है।

याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायणन ने कहा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा सकता है, लेकिन इस विशेष गहन पुनरीक्षण में कई समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया लगभग 7.9 करोड़ नागरिकों को कवर करेगी, और इसमें वोटर आईडी और आधार कार्ड जैसे दस्तावेज़ को भी स्वीकार नहीं किया जा रहा है।

याचिकाकेर्ताओं ने कहा कि वोटर लिस्ट का रिवीजन मतदाताओं पर अपनी नागरिकता साबित करने का दबाव डालता है जबकि यह काम चुनाव आयोग का है। उन्होंने कहा कि अब जब चुनाव बिल्कुल नजदीक हैं और चुनाव आयोग कह रहा है कि वह 30 दिनों में पूरी मतदाता सूची का रिवीजन करेगा। इस मामले में गुरुवार को पहली सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने मामले में सुनवाई की। बेंच ने चुनाव आयोग से पूछा कि आधार कार्ड को स्वीकार क्यों नहीं किया गया। जिस पर चुनाव आयोग की ओर से पेश सीनियर वकील राकेश द्विवेदी ने जवाब दिया कि आधार कार्ड को नागरिकता का प्रमाण नहीं माना जा सकता। तब जस्टिस धूलिया ने कहा, 'लेकिन नागरिकता का निर्धारण चुनाव आयोग का नहीं, बल्कि गृह मंत्रालय का कार्यक्षेत्र है। इस पर चुनाव आयोग की ओर से जवाब दिया गया कि आयोग को अनुच्छेद 326 के तहत अधिकार प्राप्त हैं। वहीं जस्टिस बागची ने अपनी टिप्पणी में कहा कि अगर आपका निर्णय यह है कि 2025 की मतदाता सूची में पहले से दर्ज व्यक्ति को भी मताधिकार से वंचित किया जाए, तो उस व्यक्ति को अपील करनी होगी, पूरी प्रक्रिया से गुजरना होगा और अंततः आगामी चुनाव में मतदान का अधिकार छिन जाएगा। आप मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए गहन जांच कर सकते हैं ताकि गैर-नागरिक सूची में न रहें इसमें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन अगर आप यह कार्य प्रस्तावित चुनाव से कुछ ही महीने पहले शुरू करते हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया को रद्द करने का आदेश तो नहीं दिया, लेकिन आयोग को तीन दस्तावेज आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड स्वीकार करने का सुझाव दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाओं में लोकतंत्र से जुड़ा अहम सवाल उठाया गया है, जो मतदान के अधिकार से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील से पूछा कि उसने बिहार में वोटर लिस्ट के रिवीजन के काम को इतनी देर में क्यों शुरू किया? हालांकि अदालत ने कहा कि इस प्रक्रिया में कुछ भी गलत नहीं है लेकिन इसे चुनाव के काफी पहले किया जाना चाहिए था।

शीर्ष अदालत की टिप्पणी से जाहिर है कि याचिकाकर्ताओं ने जो उलझनें दिखाई हैं, अदालत भी उनसे इत्तेफाक रखती है। इस मामले में अगली सुनवाई अब 28 जुलाई को होगी, उसके बाद ही अंतिम फैसला आएगा। लेकिन गुरुवार को हुई सुनवाई से इतना तो जाहिर हो गया कि विपक्ष की जिन आपत्तियों को चुनाव आयोग ने सेंत-मेंत में खारिज कर दिया था, वह वाजिब आपत्तियां थीं।

# कहीं भारत की कमज़ोरियों का लाभ न उठा ले दुनिया

एक राजा था। बड़े ही गाजे-बाजे के साथ उसका राज्याभिषेक हुआ था। वह दिखता तो बहुत आत्मविश्वासी था लेकिन उसे हमेशा यह डर बना रहता था कि कहीं उसका राज-पाट छिन न जाए। राजसी परिवार के वृक्ष में से कुछ के खलबली का अंदेशा भी उसे बना रहता। वह आए दिन इसी चिंता में लगा रहता और अपने दरबारियों को ऐसा करने की खुली छूट देता जिससे जनता में यह संदेश जाए कि केवल वही इस पद के सर्वथा योग्य है और शेष सब नाकारे और निकम्मे हैं। राजा के इस डर से दरबारी और उनके जानने वाले तो वाक़िफ़ थे ही लेकिन अब तो दुश्मनों को भी ख़बर हो गई थी। उन्होंने भी भांप लिया था कि राजा डरता है और इसका फ़ायदा उन्हें मिल सकता है। राजा के गद्दी बचाने के तमाम हथकंडों को उसकी रियाया भी समझ रही थी लेकिन उसे अपने राज्य की फ़िक्र थी। दुश्मनों को भला प्रजा की क्या परवाह होती? वह बस केवल मौके की तलाश रहते। राजा की सत्तालिप्सा और डर उन्हें बैठे-बिठाए यह सब उपलब्ध करा रहा था। दरबारी और चाटुकार अपना रौब-दाब बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक चले जाते थे बिना इस बात की परवाह किये कि इस राजा के पुरखों ने राजदंड के साथ कुछ नियम कायदे भी जोड़े थे। यहां राजा कृष्णदेव राय की तरह न कोई तेनालीराम था और न अकबर की तरह कोई बीरबल। चापलूस किस्म के कुछ तो राजा को खुश करने के लिए कुछ ज़्यादा ही घी का इस्तेमाल कर लेते थे जो अब बह कर राज्य की सीमा से आने लगा था।

इन दो-तीन दिनों में जो हुआ वह गौर करने लायक है। बिहार के मतदाताओं की समस्या, महाराष्ट्र में भाषा का पासा आदि तो जारी है ही, फिलहाल देश की छवि को जो नुक़सान उद्योगपति और ट्विटर (अब एक्स) के मालिक एलन मस्क ने पहुंचाया है, वह बताता है कि अगर सरकार प्रेस विरोधी सोच रखती है तो फिर आपका इस्तेमाल यूं भी हो सकता है। एलन मस्क की टीम ने 'एक्स' पर लिखा कि बीते सप्ताह भारत सरकार ने 'एक्स' पर मौजूद 2 हज़ार 35 एकाउंट्स बंद कर देने के लिए कहा जिसमें अंतरराष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी रायटर्स के दो अकाउंट भी शामिल थे। देश दुनिया में हल्ला मचना ही था। मचा भी, कि भारत में अभिव्यक्ति की आज़ादी का गला यूं घोंटा जा रहा है। देश तो जानता है कि इस सरकार को अपनी शान के ख़िलाफ़ एक पोस्टर, बयान, ट्वीट और गीत तो क्या मसखरों का मज़ाक भी मंज़ूर नहीं है। बड़े उद्योगपति मस्क जो भारत में सैटेलाइट इंटरनेट स्टारलिंक को लाने की तैयारी लगभग कर चुके हैं, उनके द्वारा न्यूज़ एजेंसी रायटर्स के बारे में ऐसा बयान आते ही सरकार तो जैसे सफाई देने की मुद्रा में ही आ गई। 'एक्स' ने इन अकाउंट्स के ज़िक्र के साथ लिखा कि यह 'ऑनगोइंग प्रेस सेंसरशिप इन इंडिया' यानी भारत में जारी प्रेस सेंसरशिप के हालात ज़ाहिर करता है।

इसके बाद सरकार तुरंत हरकत में आई और कहा कि हमने 3 जुलाई को कोई नया आदेश नहीं दिया। रायटर्स को ब्लॉक होने के बाद हमने तुरंत एक्स का ध्यान इस



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> इन दो-तीन दिनों में जो हुआ वह गौर करने लायक है। बिहार के मतदाताओं की समस्या, महाराष्ट्र में भाषा का पासा आदि तो जारी है ही, फिलहाल देश की छवि को जो नुक़सान उद्योगपति और ट्विटर (अब एक्स) के मालिक एलन मस्क ने पहुंचाया है, वह बताता है कि अगर सरकार प्रेस विरोधी सोच रखती है तो फिर आपका इस्तेमाल यूं भी हो सकता है।

तरफ़ दिलाया और उसने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए काफी समय खराब कर दिया और फिर पूरे 21 घंटों बाद इस प्रतिबंध को हटाया। ऐसा 5 जुलाई को इलेक्ट्रॉनिस और सूचना तकनीकी मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था। इसके पहले 3 जुलाई को एक्स ने अपने वैश्विक सरकारी मामलों के हैंडल पर लिखा कि भारत ने 2355 खातों को, जिनमें रायटर्स (ढाई करोड़ फॉलोवर्स) और रायटर्स वर्ल्ड (71 करोड़) शामिल थे, आईटी की धारा 69 'ए' के तहत नोटिस जारी करने के बाद किया गया। पोस्ट में लिखा गया कि जब पूरी दुनिया में विरोध हुआ तब एजेंसी के दोनों खातों को बहाल करने का अनुरोध किया गया। एक्स का यह भी कहना था कि भारत सरकार के कानून उन्हें यूजर्स को खाते जारी रखने से रोकते हैं। टीम ने एक पोस्ट में लिखा- 'एक्स सभी उपलब्ध कानूनी विकल्प तलाश रहा है लेकिन उसके हाथ बंधे हुए हैं। मौजूदा भारतीय कानून इन कार्यकारी आदेशों के विरुद्ध विधिक चुनौती देने से रोकते हैं। हम प्रभावित यूजर्स से आग्रह करते हैं कि वे अदालतों के माध्यम से कानूनी राहत पाने का प्रयास करें।' यहां यह जानना भी दिलचस्प होगा कि अगले ही दिन यानी 10 जुलाई को भारत के समाचारपत्रों में रायटर्स न्यूज़ एजेंसी के हवाले से ही यह खबर भी छपती है कि एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने के लिए अंतिम मंज़ूरी मिल गई है। इससे पहले इसी साल मार्च में भी एलन मस्क की कंपनी एक्स ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में सरकार को चुनौती देते हुए कहा था कि -भारत में अधिकारियों को यह शक्ति दे दी गई है कि वे कभी भी सोशल मीडिया के खातों पर प्रतिबंध लगाने का डंडा चला सकते हैं।

यह घटना बताती है कि भारत के नेताओं की राजनीतिक असुरक्षा की भनक दुनिया के चतुर सुजानों को लग चुकी है और वे मौका मिलने पर अपने हित में हालात को भुना सकते हैं। वैसे यह ग़फ़लत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत विरोधी बयानबाजों से निपटने के लिए और पाकिस्तानी खातों को प्रतिबंधित करने के सिलसिले से शुरू हुई जिसमें शायद समाचार एजेंसी रायटर्स भी शामिल हो गई। बहरहाल भारत में प्रतिबंधों और प्रेस की आज़ादी को कुचलने का सिलसिला कोई नया नहीं है। पत्रकारों के घर छापे, विदेशी पत्रकारों को देश से निकलने के कई मामले सामने आए हैं। दिल्ली में काम कर रही फ्रांसिसी रिपोर्टर वेनेसा डोनिएक के साथ भी यही हुआ। उन्हें जबरदस्ती देश से बाहर भेज दिया गया जबकि वे 23 सालों से भारत में पत्रकारिता कर रही थीं और एक भारतीय से ही उन्होंने शादी भी की थी। सरकार का कहना था की वे भारत के प्रति पक्षपाती और नकारात्मक रवैया रखती थीं। बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया: द मोदी क्वेश्चन' जो 2002 के गुजरात दंगों से लेकर भारत में मुसलमानों के हालात और नरेंद्र मोदी से उनके रिश्तों पर आधारित है, उसे भी बैन कर दिया गया था। बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री के पहले अंक के रिलीज़ होने के बाद ही भारत सरकार ने इसे एकतरफा दुष्प्रचार और औपनिवेशिक मानसिकता बताकर प्रतिबंधित कर दिया था। ऐसा तब था जब डॉक्यूमेंट्री को बीबीसी ने भारत में रिलीज़ ही नहीं किया था। फिर भी सरकार ने रोक लगाई जिससे डॉक्यूमेंट्री को और प्रचार मिला था।

सरकार चलाने वालों की असुरक्षा जब-तब सामने आ ही जाती है। कभी न्यूज़ एजेंसी तो कभी पत्रकार, कभी छात्र और यहां तक कि जज भी उसके निशाने पर आ जाते हैं। तत्कालीन कानून मंत्री किरण रिजिजू ने तो सेवानिवृत्त जजों को ही 'एंटी इंडिया गैंग' का हिस्सा बता दिया था। उन्होंने कहा था- 'कुछ रिटायर्ड जज ऐसे हैं जो एंटी इंडिया गैंग का हिस्सा हैं। ये लोग चाहते हैं कि भारतीय न्यायपालिका विपक्षी दल की तरह काम करे। कुछ लोग तो कोर्ट में जाकर यह तक कहते हैं कि सरकार की नीतियों को बदला जाए। वह सरकार पर रेड करने की मांग करते हैं।' यह अब स्थापित हो चला है कि सरकार अपने से असहमत लोगों को केवल एक ही चश्मे से देखती है और देशद्रोही मान लेती है। इधर एक कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय की गिरफ्तारी भी लगभग तय की जा चुकी है। यह कार्टून से भी डरने का दौर है। उनके फेसबुक कार्टून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अपमान बताकर ऐसा किया जा रहा है।

आलोचना और अलग स्वर को दबा देने का सिलसिला जारी है और यही वह पृष्ठभूमि है जिसमें दुनिया भारत को देख रही है। अरबपति उद्योगपति से लेकर दुनिया के शासक इस कमज़ोरी का लाभ लेने का मौका भला क्यों चूकेंगे? सरकार ने स्वयं कहा है कि एलन मस्क के एक्स ने खुद रायटर्स पर प्रतिबंध उठाने में देरी की। हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं था। दुनिया के लोग और देश अपने फायदे के लिए भारत की कमज़ोरियों का लाभ न ले सकें यह भी देश को ही तय करना है। राजा के सार्वजानिक हो चुके डर से भी राजा को ही मुक्ति पानी होगी। दरबारियों को भी सख़्त निर्देश देने होंगे, जिनके बारे में कभी फ़ैज़ ने अपनी नज़्म में लिखा था-

कोई इनको अहसास ए ज़िल्लत दिला दे
कोई इन की सोई हुई दुम हिला दे।।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# संयुक्त राष्ट्र के दस्तावेज ने उठायी वैश्विक कंपनियों की भूमिका पर उंगली

■ **रैमज़ी बरौद**

अधिकृत फ़िलिस्तीन में मानवाधिकारों की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष रिपोर्टर, फ्रांसेस्काअल्बानीज़, सत्ता के सामने सच बोलने की अवधारणा की एक मिसाल हैं। यह 'शक्ति' इज़राइल या संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा नहीं, बल्कि एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा विहित है जिसकी सामूहिक प्रासंगिकता गाजा में चल रहे नरसंहार को रोकने में दुखद रूप से विफल रही है।

3 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद को सौंपी गयी उनकी नवीनतम रिपोर्ट, 'कब्जे की अर्थव्यवस्था से नरसंहार की अर्थव्यवस्था तक', एक भूकंपीय हस्तक्षेप का प्रतीक है। यह रिपोर्ट बेबाकी से उन कंपनियों का नाम लेती है और उन्हें दोषी ठहराती है जिन्होंने न केवल इज़राइल को फ़िलिस्तीनियों के खिलाफ़ युद्ध और नरसंहार जारी रखने दिया, बल्कि उन लोगों का भी सामना करती है जो इस भयावह स्थिति के सामने चुप रहे।

अल्बानीज़ की 'नरसंहार की अर्थव्यवस्था' एक अकादमिक अभ्यास या एक मात्र नैतिक कथन से कहीं बढ़कर है, एक ऐसे विश्व में जहां गाज़ा में सामूहिक विवेक का क्रूर परीक्षण हो रहा है। यह रिपोर्ट कई परस्पर जुड़े कारणों से महत्वपूर्ण है। महत्वपूर्ण रूप से, यह जवाबदेही के व्यावहारिक रास्ते प्रस्तुत करती है जो केवल कूटनीतिक और कानूनी बयानबाज़ी से परे हैं। यह अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति एक नया दृष्टिकोण भी प्रस्तुत करती है, इसे एक नाजुक राजनीतिक संतुलनकारी कार्य के रूप में नहीं, बल्कि युद्ध अपराधों में मिलीभगत का सामना करने और गाज़ा में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय तंत्रों की गंभीर विफलताओं को उजागर करने के एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में प्रस्तुत करती है।

> यह घटना विशेष रूप से विनाशकारी थी, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र इज़राइल पर लगाम लगाने या फ़िलिस्तीन में उसके युद्ध अपराधों को बढ़ावा देने वालों को जवाबदेह ठहराने में लगातार विफल रहा है। यह डेटाबेस एक महत्वपूर्ण कदम था जिसने नागरिक समाजों को प्राथमिकताओं के एक विशिष्ट समूह के इर्द-गिर्द लामबंद होने की अनुमति दी, जिससे निगमों और व्यक्तिगत सरकारों पर नैतिक रूप से निर्देशित रुख अपनाने का दबाव बना।

इस रिपोर्ट के महत्व को समझने के लिए दो महत्वपूर्ण संदर्भ महत्वपूर्ण हैं, जिन्हें न केवल गाज़ा में चल रहे इज़राइली नरसंहार में, बल्कि इज़राइल की समग्र उपनिवेशवादी-निवासी परियोजना में भी प्रत्यक्ष कॉर्पोरेट संलिप्तता का एक तीखा अभियोग माना जाता है।

सबसे पहले, वर्षों की देरी के बाद, फरवरी 2020 में, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) ने एक डेटाबेस जारी किया, जिसमें अधिकृत फ़िलिस्तीन में अवैध इज़राइली बस्तियों में व्यावसायिक गतिविधियों में शामिल 112 कंपनियों की सूची थी। इस डेटाबेस में कई कॉर्पोरेट दिग्गजों – जिनमें एयरबीएनबी, बुकिंग डॉट कॉम, मोटोरोला सोल्युशन, जेसीबी, और एक्सपेडिया शामिल हैं – को इज़राइल को उसके सैन्य कब्जे और रंगभेद को बनाये रखने में मदद करने की गतिविधियों को उजागर किया गया है।

यह घटना विशेष रूप से विनाशकारी थी, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र इज़राइल पर लगाम लगाने या फ़िलिस्तीन में उसके युद्ध अपराधों को बढ़ावा देने वालों को जवाबदेह ठहराने में लगातार विफल रहा है। यह डेटाबेस एक महत्वपूर्ण कदम था जिसने नागरिक समाजों को प्राथमिकताओं के एक विशिष्ट समूह के इर्द-गिर्द लामबंद होने की अनुमति दी, जिससे निगमों और व्यक्तिगत सरकारों पर नैतिक रूप से निर्देशित रुख अपनाने का दबाव बना।

इस रणनीति की प्रभावशीलता का पता अमेरिका और इज़राइल की अतिरंजित और क्रोधित प्रतिक्रियाओं से स्पष्ट रूप से चला। अमेरिका ने कहा कि यह 'बदनाम' परिषद द्वारा 'आर्थिक प्रतिशोध को बढ़ावा देने' का एक प्रयास था, जबकि इज़राइल ने इसे दबाव के आगे शर्मनाक आत्मसमर्पण कहा।

यह रिपोर्ट 7 अक्टूबर 2023 से शुरू हुआ गाजा में इज़राइली नरसंहार, नरसंहार के दौर में भूख से मर रही आबादी को भोजन उपलब्ध कराने की मामूली उम्मीदों को भी पूरा करने में संयुक्त राष्ट्र के सभी मौजूदा तंत्रों की घोर विफलता की एक स्पष्ट याद दिलाती है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी यही निष्कर्ष निकाला था, जिन्होंने सितंबर 2024 में कहा था कि दुनिया ने 'गाजा के लोगों को निराश किया है।'

यह विफलता कई महीनों तक जारी रही और संयुक्त राष्ट्र द्वारा गाजा पट्टी में सहायता वितरण का प्रबंधन करने में असमर्थता के रूप में उजागर हुई, जिसने यह काम तथाकथित गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन को सौंप दिया, जो एक भाड़े के सैनिकों द्वारा संचालित हिंसक तंत्र है जिसने हजारों फिलिस्तीनियों को मार डाला और घायल कर दिया है।

बेशक, अल्बानीज़ खुद भी इसी निष्कर्ष पर पहुंच चुकी थीं, जब नवंबर 2023 में उन्होंने युद्ध को रोकने और 'निर्दोष नागरिकों के निरर्थक नरसंहार' को रोकने में बेहद असफल होने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर निशाना साधा था।

अल्बानीज़ की नई रिपोर्ट एक कदम और आगे जाती है- इस बार पूरी मानवता से नैतिक रुख अपनाने और उन लोगों का सामना करने की अपील करती है जिन्होंने इस नरसंहार को संभव बनाया। रिपोर्ट में कहा गया है, 'निर्दोष लोगों के जीवन को नष्ट करने और उससे लाभ कमाने वाले व्यावसायिक प्रयासों को बंद किया जाना चाहिए,' और स्पष्ट रूप से मांग की गयी है कि 'कॉर्पोरेट संस्थाओं को मानवाधिकारों के उल्लंघन और अंतरराष्ट्रीय अपराधों में शामिल होने से इनकार करना चाहिए, अन्यथा उन्हें जवाबदेह ठहराया जायेगा।'

रिपोर्ट के अनुसार, नरसंहार में शामिल लोगों की श्रेणियों को हथियार निर्माता, तकनीकी कंपनियां, भवन एवं निर्माण कंपनियां, खनन एवं सेवा उद्योग, बैंक, पेंशन फंड, बीमा कंपनियां, विश्वविद्यालय और धर्मार्थ संस्थाएं बताया गया है।

इनमें लॉकहीड मार्टिन, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, पैलंटिर, आईबीएम और यहां तक कि डेनिश शिपिंग दिग्गज मैर्सक सहित लगभग 1,000 अन्य कंपनियां शामिल हैं। यह उनकी सामूहिक तकनीकी जानकारी, मशीनरी और डेटा संग्रह ही था जिसने इज़राइल को गाजा में अब तक 57,000 से ज़्यादा लोगों को मारने और 1,34,000 से ज़्यादा लोगों को घायल करने में सक्षम बनाया, पश्चिमी तट में रंगभेद शासन को बनाये रखने की तो बात ही छोड़ दें।

अल्बानीज़ की रिपोर्ट केवल इज़राइल के नरसंहार सहयोगियों का नाम लेकर उन्हें शर्मिंदा करने का प्रयास नहीं करती, बल्कि हमें नागरिक होने के नाते यह बताने का प्रयास करती है समाज को यह विश्वास दिलाते हुए कि अब हमारे पास एक व्यापक संदर्भ-ढांचा है जो हमें ज़िम्मेदारी भरे फैसले लेने, इन कॉर्पोरेट दिग्गजों पर दबाव डालने और उन्हें जवाबदेह ठहराने में सक्षम बनायेगा।

अल्बानीज़ लिखते हैं, 'यह जारी नरसंहार एक लाभदायक उद्यम रहा है।' वे इज़राइल के सैन्य खर्च में भारी वृद्धि का हवाला देते हैं, जो 2023 से 2024 तक 65 प्रतिशत बढ़कर 46.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

इज़राइल का असीम सैन्य बजट धन का एक अजीब चक्र है, जो मूल रूप से अमेरिकी सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है, फिर अमेरिकी निगमों के माध्यम से पुनर्चक्रित किया जाता है। इस प्रकार यह धन सरकारों, राजनेताओं, निगमों और असंख्य ठेकेदारों के बीच फैल जाता है। जैसे-जैसे बैंक खाते बढ़ते हैं, और अधिक फ़िलिस्तीनी शव मुर्दाघरों, सामूहिक कब्रों में जमा होते जाते हैं, या जबालिया और खान यूनिस की सड़कों पर बिखरे पड़े हैं।

इस पागलपन को रोकना होगा, और चूंकि संयुक्त राष्ट्र इसे रोकने में असमर्थ है, इसलिए व्यक्तिगत रुप से सरकारों, नागरिक समाज संगठनों और आम लोगों को यह काम करना होगा, क्योंकि फ़िलिस्तीनियों का जीवन कॉर्पोरेट मुनाफ़े और लालच से कहीं ज़्यादा मूल्यवान होना चाहिए।

## आपके पत्र

### क्या हमारी जीवनशैली बच्चों की दुश्मन बन गई है?

भारत में बच्चों में हार्ट अटैक की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसका संबंध बच्चों की बदलती जीवनशैली, खान-पान, मानसिक तनाव और स्क्रीन टाइम से है। जब भी हम 'हार्ट अटैक' शब्द सुनते हैं, हमारे ज़ेहन में पचास-पैंसठ साल का कोई अधेड़ उम्र के व्यक्ति का चेहरा सामने आता है—भागदौड़ भरी ज़िंदगी में उलझा, तनाव और थकान से लदा हुआ पर आज हकीकत इससे कहीं अधिक डरावनी और चौंकाने वाली है। आज दिल के दौरे सिर्फ बड़ों को ही नहीं, बल्कि मासूम बच्चों का भी पीछा कर रहे हैं। देश के कई हिस्सों से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं, जहां स्कूल जाते बच्चे अचानक गिर जाते हैं और डॉक्टर उसे 'कार्डियक अरेस्ट' या 'सडन हार्ट फेल्योर' बता देते हैं। क्या यह केवल संयोग है? या फिर हमारी जीवनशैली ने नन्हे दिलों पर हमला बोल दिया है?

पिछले कुछ महीनों में देशभर से कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जो इस खतरे की गंभीरता की पुष्टि करती हैं। ताजा मामला मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले का है, जहां आठ साल की मासूम बच्ची स्कूल गेट पर पहुंचते ही गिर पड़ी और उसकी मौत हो गई। इससे पहले गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र जैसे राज्यों से भी स्कूली बच्चों की हार्ट अटैक से हुई मौत की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इंडियन मेडिकल जर्नल्स के अनुसार, 2021 और 2022 के बीच 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों में अचानक कार्डियक अरेस्ट से मौत के मामलों में 35फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2022 में अकेले भारत में 32,457 युवाओं की मौत हृदयाघात से हुई। इनमें बड़ी संख्या 10 से 18 वर्ष के बीच के किशोरों की थी। सवाल यह है कि ऐसा हो क्यों रहा है? क्या यह सिर्फ अनुवांशिकता का मामला है? क्या बच्चों में जन्मजात हृदय रोग अचानक सक्रिय हो रहे हैं या फिर इसके पीछे हमारी बदलती जीवनशैली, खान-पान, स्क्रीन टाइम, मोटापा, मानसिक तनाव और शारीरिक निष्क्रियता का कोई बड़ा योगदान है?

विशेषज्ञ कहते हैं कि इसका कारण 'मल्टी फैक्टोरियल' है—अर्थात यह कई कारकों का मिश्रण है। आज के बच्चे ब्रेड-बर्गर, पिज़्ज़ा, कोल्ड ड्रिंक और पैकेज्ड स्नैक्स पर निर्भर हैं। पौष्टिक आहार, जैसे हरी सब्जियां, दालें, फल, दूध अब उनके भोजन का हिस्सा नहीं रह गया है। पहले बच्चे गली-मोहल्ले में दौड़ते-खेलते थे। अब मोबाइल और गेमिंग कंसोल्स ने उनका बचपन छीन लिया है। खेल के मैदानों की जगह टैबलेट ने ले ली है। स्कूलों में अत्यधिक होमवर्क, कोचिंग की दौड़, माता-पिता की अपेक्षाएं और हर क्षेत्र में 'बेस्ट' बनने का दबाव बच्चों में मानसिक तनाव पैदा कर रहा है। यह तनाव शरीर में कोर्टिसोल और अन्य हॉर्मोन को असंतुलित कर देता है, जिससे हृदय पर असर पड़ता है।

देर रात तक मोबाइल चलाना, रील्स देखना और ऑनलाइन गेम खेलना बच्चों की नींद को प्रभावित करता है। नींद की कमी सीधे दिल की सेहत से जुड़ी है। बाल हृदय रोग विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों में हार्ट अटैक आमतौर पर 'कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज', 'कार्डियोमायोपैथी', 'इलेक्ट्रिकल डिसऑर्डर्स' या 'मायोकार्डिटिस' के कारण होता है। लेकिन इनका समय पर पता न चलने के कारण बच्चे अचानक मौत का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्यवश, हमारे देश में बाल स्वास्थ्य की जांच प्रणाली बहुत कमजोर है। अधिकतर स्कूलों में नियमित हेल्थ चेकअप नहीं होते, और माता-पिता भी बच्चों के थकान या सांस फूलने जैसे लक्षणों को नज़रअंदाज़ कर देते हैं।

इस संकट से निपटने के लिए हमें एक बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। सरकार को सभी निजी और सरकारी स्कूलों में हर 6 महीने में हृदय जांच, ईसीजी और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य करना चाहिए। स्कूलों में 'फिट इंडिया' जैसे अभियानों को गंभीरता से लागू किया जाए।

**- प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### आम चुनाव और एन.जी.ओ.

*'यह हर कोई जानता है कि जनतंत्र के तीन स्तंभ होते हैं-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। इन तीनों की अपनी-अपनी स्वायत्त भूमिकाएं हैं और इनके बीच इस तरह से शक्ति संतुलन होने की अपेक्षा की जाती है कि जनतंत्र की इमारत में दरार न पड़ने पाए। इस व्यवस्था में एक नया आयाम पत्रकारिता के विकास के साथ आ जुड़ा और मीडिया को जनता के बीच चौथे स्तंभ के रूप में मान्यता मिल गई। ऐसी सामान्य धारणा बन गई कि व्यवस्था के औपचारिक ढांचे में अगर कहीं कोई कमजोरी आएगी तो मीडिया एक सजग प्रहरी के तौर पर उसकी ओर ध्यान आकर्षित करेगा ताकि यथासमय उस कमजोरी को दूर किया जा सके। मैं समझता हूं कि पूरी दुनिया में एक दौर में अखबारों ने इस रोल को पूरी गंभीरता के साथ स्वीकार किया, आज की वास्तविकता भले ही कुछ और हो। यह याद रखना चाहिए कि औपचारिक रूप से स्थापित स्तंभों और जनमान्यता वाले चौथे स्तंभ के बीच कभी बहुत मधुर संबंध या नैकटय नहीं रहा और जब ऐसा होने लगा तो उसकी साख में कमी आने लगी।'*

**(देशबन्धु में 10 अप्रैल 2014 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/04/blog-post_9.html

## विश्व जनसंख्या दिवस आज

### अवरोध नहीं उत्पादक बने जनसंख्या

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं। आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों के बाद। ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम फिर अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है।

वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। वर्ष 1921 तक भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन 'परिवार नियोजन मानव का अधिकार' रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी,अब समय आ गया है जब देश की सरकार और समूचे जनसंख्या प्रबंधन की इकाइयों को सक्रिय होकर बढ़ती जनसंख्या और उपलब्ध संसाधनों के बीच सामयिक संतुलन बनाकर बड़ी जनसंख्या को बोझ न मानकर एक शक्ति के रूप में स्थापित कर के इसका सर्वाधिक दोहन राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए निहित करें।

जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा। निश्चित तौर पर यह हम पर है कि हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम सही तरीके से विकास की गति के साथ-साथ तालमेल बिठाकर इसे राष्ट्र के विकास के श्रोत की तरह विकसित करें। भारत की युवा और दिवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नालॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 141 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चीन 145( अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में यह योजना सफलतापूर्वक संपन्न नहीं हो पायी है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 55 फीसदी से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्तियुक्त होगा।

**-संजीव ठाकुर**

# खेल जगत

**कुजूर ने 100 मीटर दौड़ को मात्र 10.18 सेकेंड में पूरा कर बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के अनिमेष कुजूर ने ग्रीस में आयोजित ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट मीट में 100 मीटर दौड़ को मात्र 10.18 सेकेंड में पूरा कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया है। श्री साय ने एक्स पर कुजूर को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लाल ने फिर स्थापित किया कीर्तिमान। हम सभी के लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण है कि छत्तीसगढ़ के अनिमेष कुजूर ने ग्रीस में आयोजित ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट मीट में 100 मीटर दौड़ को मात्र 10.18 सेकेंड में पूरा कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया है। इससे पहले अनिमेष ने दक्षिण कोरिया में हुए एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 200 मीटर दौड़ को 20.32 सेकेंड में पूरा कर एक और राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि बधाई अनिमेष, आपकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि हर युवा को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।




## भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड में रचा इतिहास

# 19 साल बाद इंग्लैंड को चटाई धूल

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 10 जुलाई (देशबन्धु)। वुमैन ऑफ द' मैच बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव (2/15) और ओपनर शेफाली वर्मा की मात्र 31 रन की तूफानी पारी की बदौलत भारत की महिला टीम ने इंग्लैंड को चौथे टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार रात ओल्ड ट्रेफर्ड में छह विकेट से शिकस्त देकर पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की विजयदाई बढ़त ले जीत ली। भारत की महिला टीम ने इंग्लैंड से उसकी धरती पर पहली टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की ऐतिहासिक सीरीज जीती है। भारत की महिला टीम के लिए अपना पहला आईसीसी टी 20 क्रिकेट खिताब जीतने के लिहाज से यह जीत खासी अहम है।




भारत की बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव (2/15) व श्रीचारिणी (2/30) ने मात्र 45 रन देकर आपस में चार विकेट बांट कर सोफिया डंकले (22 रन, 19 गेंद, एक छक्का, दो चौके) कप्तान टॉमी ब्यूमोंट (20 रन, 19 गेंद, तीन चौके) और निचले क्रम में सोफी एकलेस्टोन (16 रन, 10 गेंद, एक छक्का, एक चौका) की उपयोगी पारियों के बावजूद टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की महिला टीम को 20 ओवर में सात विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। स्मृति मंधाना (32 रन, 31 गेंद, पांच चौके) और शैफाली वर्मा (31 रन, 19 गेंद, छह चौके) की मात्र सात ओवर में 56 तथा जेमिमा रॉड्रिग्ज (अविजित 24, 22 गेंद, एक चौका) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (26 रन, 25 गेंद, तीन चौके) की 42 गेंदो में तीसरे विकेट की 48 रन की भागीदारी की बदौलत भारत ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 बनाकर मैच जीत लिया। शैफाली ने लॉरेन फाइलर के दूसरे ओवर में तीन चौकों सहित 14 रन बनाए और स्मृति के साथ सातवें ओवर में अर्धशतकीय भागीदारी की शैफाली ने डीन की गेंद को उड़ाने की कोशिश में डीप बैकवर्ड स्क्वॉयर पर कैप्सी को कैच थमाया और भारत ने पहला विकेट 56 रन पर खोया। भारत के स्कोर में 13 रन और जुड़े थे कि स्मृति मंधाना ने बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की गेंद को उड़ाने की कोशिश में शॉर्ट थर्ड पर लपकी गईं। जेमिमा और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने आक्रामक पारी खेली लेकिन हरमनप्रीत इंग्लैंड की तेज गेंदबाज वॉन्ग की गेंद को उड़ाने की कोशिश में मिडऑफ पर एकेलस्टोन को कैच थमा और भारत ने 16वें ओवर तीसरा विकेट 117 पर खो दिया।

### 'हमारी सभी गेंदबाजों ने बढ़िया गेंदबाजी की '

'हम चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने उतर कर इसमें बढ़िया प्रदर्शन को बेताब थे और हमारे लिए ऐसा करना अहम था। बतौर गेंदबाज मैं हर गेंद पर मेहनत कर रही हूं। में गेंद को स्पिन कराने, यॉर्कर और हर गेंद पर जिस तरह मेहनत कर रही हूं उससे बहुत मदद मिली। जहा तक बुधवार को पिच के मिजाज की बात है तो यह हमारे लिए आसान थी क्योंकि यह हमारी गेंदबाजी के लिए माकूल थी। हम सभी ने एक इकाई के रूप में काम किया। हमारी सभी गेंदबाजों ने बढ़िया गेंदबाजी की और अब हमारी निगाहें सीरीज के पांचवें व आखिरी टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच पर लगी है। हम अपनी फील्डिंग को और बेहतर करने की कोशिश कर रहे है। हम हर दिन और ज्यादा कोशिश कर रहे और इसके नतीजे दिख रहे हैं।

### हमने योजना को अमली जामा पहनाने में कामयाब रहे : हरमनप्रीत

भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि फख्र है कि हमारी भारतीय टीम बढ़िया खेल दिखा कर मेजबान इंग्लैंड से उसके घर में पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज जीतने में कामयाब रही। हमें वाकई लय की जरूरत थी और मुझे खुशी है कि इस जीत में सभी ने योगदान किया। इंग्लैंड आने से पहले हमारा घर में इस दौरे के लिए लगा शिविर बढ़िया रहा। हमने अपनी योजना पर मेहनत की और उसे अमली जामा पहनाने में कामयाब रहे। हमारी टीम की हर खिलाड़ी को अपनी भूमिका मालूम थी। उसी के मुताबिक हमारी हर खिलाड़ी खेली। हम अब तक डब्ल्यूपीएल के तीन सीजन खेल चुके और हर सीजन खास होता है और इसका अनुभव हमारे लिए खासा लाभदायक रहा। हमारी टीम की सोच सकारात्मक है और हम अपनी योजना को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अमली जामा पहनाने में कामयाब रहे। अब जहां तक हमारे पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज 4-1 से जीतने की बात है और हमें बराबर अच्छा खेलना और मैं उम्मीद करती हूं कि हम ऐसा करने में कामयाब रहेंगे।

## लॉर्ड्स टेस्ट : इंग्लैंड की शुरुआत रही धीमी

# रेड्डी ने दिलाई भारत को दोहरी सफलता

**लॉर्ड्स,** 10 जुलाई (एजेंसियां)। भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट गुरुवार को ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और लंच तक दो विकेट के नुकसान पर 83 रन बना लिए। ओली पोप 12 और जो रूट 24 रन बनाकर नाबाद हैं। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका 43 के स्कोर पर बेन डकेट के रूप में लगा। वह 23 रन बनाकर आउट हुए। जैक क्रॉले की असफलता का दौर जारी रहा। वह दूसरे विकेट के रूप में 18 रन बनाकर आउट हुए। तब टीम का स्कोर 44 था। इंग्लैंड को दोनों झटके पारी के 14वें ओवर में नितीश कुमार रेड्डी ने दिए। इसके बाद ओली पोप और जो रूट ने सावधानी से बल्लेबाजी की और लंच तक टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया। दोनों के बीच 39 रन की साझेदारी हो चुकी है। पोप 34 गेंद में 12 और रूट 34 गेंद में 24 रन बनाकर खेल रहे हैं। ये दोनों बल्लेबाज दूसरे सेशन में कैसा प्रदर्शन करते हैं, इस पर इंग्लैंड की पारी काफी हद तक निर्भर करेगी। अगर इनका विकेट गिरता है, तो भारतीय टीम का पलड़ा भारी होगा। अगर ये आउट नहीं हुए, तो इंग्लैंड बड़ा स्कोर बना सकती है। दोनों टीमें मैच में बड़े बदलाव के साथ उतरी हैं। भारत ने प्रसिद्ध कृष्णा की जगह तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को टीम में जगह दी है। उन्हें पिछले टेस्ट में वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया था। हालांकि बुमराह पहले सेशन में अपना प्रभाव छोड़ने में सफल नहीं रहे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने उन्हें सावधानी से खेला और कोई भी विकेट उन्हें नहीं दिया है।



■ **दोनों टीमें मैच में बड़े बदलाव के साथ उतरी हैं**

### दूसरे टेस्ट के बाद टीम इंडिया पर दबाव कम होता दिख रहा है: धवन

**नई दिल्ली।** भारत-इंग्लैंड के बीच गुरुवार से लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट की शुरुआत होने जा रही है। पूर्व भारतीय ओपनर शिखर धवन ने युवा कप्तान शुभमन गिल की तारीफ की है। उनके मुताबिक सीरीज में टीम इंडिया पर दबाव कम हो गया है। शिखर धवन ने कहा कि मैं पूरी टीम को 58 साल बाद एजबेस्टन में जीत के लिए बधाई देना चाहता हूं। यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। दूसरे टेस्ट में जिस तरह से भारतीय खिलाड़ियों ने वापसी की, इसने उनके जज्बे को दिखाया है। धवन ने युवा कप्तान की तारीफ में कहा कि शुभमन गिल ने 269 और 161 रनों की शानदार पारियों के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व किया। बुमराह की अनुपस्थिति में, मोहम्मद सिराज और आकाशदीप ने गेंद से उनका शानदार साथ दिया। पहले टेस्ट में भले ही हम हार गए थे, लेकिन प्रदर्शन पॉजिटिव था। शिखर धवन ने लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट को लेकर कहा, कि गिल ने 147 रन की मजबूत पारी खेली, जबकि ऋषभ पंत ने दो शतक जड़ते हुए शानदार प्रदर्शन किया। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने भी शतक लगाकर अच्छी नींव रखी। इंग्लैंड की धरती पर एक ही मैच में पांच शतकों का लगना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। जसप्रीत बुमराह भी उतने ही प्रभावशाली रहे।

# पुरुष हॉकी एशिया कप में फिनिशिंग बेहतर करने की जरूरत : फुल्टन

**नई दिल्ली,** 10 जुलाई (देशबन्धु)। हॉकी इंडिया ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ,बेंगलुरु में 14 जुलाई से 7 अगस्त तक लगाए जाने वाले सीनियर राष्ट्रीय हॉकी शिविर के लिए 33 कोर ग्रुप के संभावितों की बुधवार को घोषणा कर दी।भारत के 33 कोर ग्रुप संभावितों का यह शिविर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साईं बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया दौरे के साथ राजगीर(बिहार) में 29 अगस्त से 7 जुलाई तक होने वाले पुरुष हॉकी एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 की तैयारियों के लिए बेहद अहम है। भारत की निगाहें राजगीर में एशिया कप जीत सीधे अगले साल 2026 में नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफाई करने पर लगी है। भारत का हाल ही में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था और अपने आठ में से मात्र एक मैच ही जीत पाया और सात मैच लगातार हार आठवें स्थान पर रहा था। चीफ कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में भारत के कोचिंग स्टाफ का पूरा ध्यान ऑस्ट्रेलिया दौरे और एशिया कप के लिए लय पाने और इससे पहले अपनी खामियों को सुधारने पर लगा है। ललित उपाध्याय के एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण की समाप्ति पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने के बाद उत्तम सिंह, आदित्य अर्जुन ललगे, सेल्वम कार्ति, अंगदबीर सिंह को कोर ग्रुप के संभावितों में शामिल किया गया है। भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने कहा,'एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अपनी भारतीय टीम के मैचों में प्रदर्शन के बाद हमने महसूस किया कि हमारी टीम ने हर मैच में जमकर मुकाबला किया लेकिन हमारी फिनिशिंग कमजोर रही जो इसी लीग के भुवनेश्वर चरण में बहुत बढ़िया रही थी।






**उत्तम, अंगद, सेल्वम कार्ति राष्ट्रीय हॉकी शिविर के कोर ग्रुप के संभावितों में**

### सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी शिविर के लिए चुने गए 33 खिलाड़ी हैं

**गोलरक्षक :** कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, पवन, एचएस मोहित।

**रक्षापंक्ति :** सुमित ,अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीव खेस, हरमनप्रीत सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, संजय, यशदीप सिवाच, अमनदीप लाकरा।

**मध्य पंक्ति :** राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, मोइरंगथम रविचंद्र सिंह, पुवन्ना सीबी, विष्णुकांत सिंह।

**अग्रिम पंक्ति :** गुरजंट सिंह, अभिषेक शिलानंद लाकरा, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, आदित्य अर्जुन ललगे, सेल्वम कार्ति, उत्तम सिंह, अंगदबीर सिंह।

## जसप्रीत बुमराह की कमी को पूरा कर रहे हैं आकाश दीप : रेणुका

**नई दिल्ली,** 10 जुलाई (एजेंसियां)। भारत-इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत हो चुकी है, जिसमें मेजबान टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारत की पूर्व महिला क्रिकेटर रेणुका दुआ ने टीम इंडिया को शुभकामनाएं देते हुए कप्तान शुभमन गिल और तेज गेंदबाज आकाश दीप की तारीफ की है। रेणुका दुआ ने आईएएनएस से कहा कि मैं भारतीय टीम को शुभकामनाएं देना चाहूंगी। टीम में कई अहम खिलाड़ी नहीं हैं, लेकिन इसके बावजूद भारत ने शानदार प्रदर्शन किया।



मैं उम्मीद करती हूं कि टीम इंडिया तीसरा टेस्ट मैच भी जीते। टीम का मनोबल काफी ऊंचा है। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में आकाश दीप को मौका मिला, जिसमें उन्होंने कुल 10 विकेट निकाले। रेणुका दुआ ने आकाश दीप की सराहना करते हुए कहा, कि आकाश दीप के रूप में हमें एक शानदार गेंदबाज मिला है, जो बुमराह की कमी को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के मौसम और पिच को लेकर कहा कि यकीनन इंग्लैंड में तेज गेंदबाजों को फायदा मिलता है। वहां का मौसम और पिच इन्हें काफी मदद करती है।शुभमन गिल इस सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने चार पारियों में 146.25 की औसत के साथ 585 रन जड़े हैं। गिल ने सीराज के पहले टेस्ट में 147 और 8 रन बनाए थे। यह बतौर टेस्ट कप्तान उनका पहला मैच था। अगले मुकाबले में उन्होंने 269 और 161 रन की पारी खेलते हुए भारत को शानदार जीत दिलाई। रेणुका दुआ ने युवा कप्तान शुभमन गिल की तारीफ की है।

## सार संक्षेप

### एमआई न्यूयॉर्क यूनिकॉर्न्स को हराकर क्वालीफायर-2 में

**नई दिल्ली।** एमआई न्यूयॉर्क ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के एलिमिनेटर मैच में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स को दो विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ टीम ने क्वालीफायर-2 में अपनी जगह बना ली है, जहां उसका सामना टेक्सास सुपर किंग्स से होगा। डलास में खेले गए एलिमिनेटर मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सैन फ्रांसिस्को की टीम 19.1 ओवरों में 131 रन पर सिमट गई। टीम 62 के स्कोर तक अपने सात विकेट गंवा चुकी थी। इस बीच कूपर कोनोली ने 19 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 23 रन बनाए। इसके बाद जेवियर बार्टलेट ने ब्रूडी काउच के साथ आठवें विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की, जिसने टीम को संकट से बाहर निकाला। बार्टलेट ने 24 गेंदों में 44 रन बनाए, जिसमें चार छक्के और दो चौके शामिल रहे। वहीं, काउच ने 19 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी टीम की ओर से रुशिल उगरकर ने सर्वाधिक तीन शिकार किए, जबकि ट्रेंट बोल्ट और नोस्टुश केंजीगे को दो-दो विकेट हाथ लगे।

### डोप परीक्षण में विफल होने पर जैस्मीन कौर निलंबित

**नई दिल्ली।** भारतीय शॉटपुट खिलाड़ी जैस्मीन कौर को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है, क्योंकि उनके डोप परीक्षण में प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी का पता चला है। जैस्मीन का नाम अस्थायी निलंबन के तहत आने वाले एथलीटों की नवीनतम सूची में शामिल है, क्योंकि उनका परीक्षण टरबुटालाइन के लिए सकारात्मक आया था। टरबुटालाइन को एक उत्तेजक पदार्थ के रूप में वर्गीकृत किया गया है और यह अक्सर आम खांसी की दवाइयों में पाया जाता है। पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाली 22 वर्षीय इस एथलीट ने इस साल की शुरुआत में देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में 15.97 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।

## राधा यादव ऑस्ट्रेलिया दौरे पर संभालेंगी भारत ए टीमों की कप्तानी

**नई दिल्ली,** 10 जुलाई (एजेंसियां)। लेफ्ट आर्म स्पिनर राधा यादव अगस्त में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत ए टीमों की कप्तानी संभालेंगी। भारत इस दौरे में तीन टी20 और इतने ही 50 ओवर के मैच खेलेगा, जिसके बाद एक चार दिवसीय मैच होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने 7 से 24 अगस्त, 2025 तक होने वाले आगामी बहु-प्रारूप ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए महिला टीम की घोषणा कर दी है। भारत ए महिला टीम तीन टी20 और इतने ही 50 ओवर के मैच खेलेगी, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ एक चार दिवसीय मैच होगा। यह दौरा 7 अगस्त, 2025 को मैके में शुरू होगा, जहां तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद मुकाबला नॉर्थ्स, ब्रिस्बेन में होगा, जहां तीन 50 ओवर के मैच खेले जाएंगे और उसके बाद एलन बॉर्डर फील्ड में चार दिवसीय मैच खेला जाएगा।



**टी20 टीम:** राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, डी. वृंदा, सजना सजीवन, उमा छेत्री (विकेटकीपर), राघवी बिस्ट, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, तितास साधु

# महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में भारतीय टीम का पहला मैच नामीबिया से

■ **भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत नामीबिया के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले दिन ही करेगी।**

■ **पहली बार ऐसा हो रहा है कि 24 टीमें हिस्सा लेंगी।**

नई दिल्ली, 10 जुलाई (एजेंसियां)। एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 का आयोजन चिली में होना है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत नामीबिया के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले दिन (1 दिसंबर) ही करेगी।

आयोजक चिली भी 1 दिसंबर को ही अपना पहला मुकाबला नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी। नीदरलैंड वर्तमान जूनियर महिला विश्व चैंपियन है और दुनिया की नंबर एक टीम है। टूर्नामेंट का आगाज इसी दिन जर्मनी और आयरलैंड के बीच खेले जाने वाले मुकाबले से होगा।



यह टूर्नामेंट 1 से 13 दिसंबर, 2025 तक सैंटियागो शहर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 24 टीमें भाग लेंगी। भारतीय टीम को ग्रुप 'सी' में रखा गया है। भारत के साथ ग्रुप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया हैं।

टूर्नामेंट में भारत 3 दिसंबर को जर्मनी और 5 दिसंबर को आयरलैंड से भिड़ेगा। महिला जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप पिछली बार साल 2023 में सैंटियागो में ही आयोजित किया गया था, जिसमें 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस बार टीमों की संख्या में इजाफा हुआ है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि 24 टीमें हिस्सा लेंगी। इस वजह से फैंस को पहले के मुकाबले ज्यादा मैच देखने को मिलेंगे और उनका रोमांच भी दोगुना होने की उम्मीद है।

### 12 जून को हुए ड्रॉ के अनुसार

- पूल 'ए' में नीदरलैंड, जापान, चिली, मलेशिया
- पूल 'बी' में अर्जेंटीना, बेल्जियम, ज़िम्बाब्वे, वेल्स
- पूल 'सी' में भारत, जर्मनी, आयरलैंड, आयरलैंड
- पूल 'डी' में इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, चीन और ऑस्ट्रिया
- पूल 'ई' में ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाडा और स्कॉटलैंड
- पूल %एफ% में संयुक्त राज्य अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैंड और उरुग्वे शामिल हैं।

**क्रॉसओवर और नॉकआउट राउंड के मैच 7 दिसंबर से खेले जाएंगे, जबकि फाइनल 14 दिसंबर को खेला जाएगा।**

# विंबलडन 2025 : कोर्ट पर गिरे नोवाक जोकोविच कहा, मेरा शरीर अब पहले जैसा नहीं रहा

**लंदन,** 10 जुलाई (एजेंसियां)। विंबलडन-2025 के क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच ने फ्लावियो कोबोली के खिलाफ मुकाबले को अपने नाम किया। जीत हासिल करने से ठीक पहले जोकोविच कोर्ट पर गिर पड़े, जिसने वहां मौजूद फैंस को चिंतित कर दिया।

24 बार के मेजर चैंपियन नोवाक जोकोविच कुछ देर बाद अपने पैरों पर वापस उठे और 6-7(6), 6-2, 7-5, 6-4 से जीत हासिल करते हुए अगले दौर में जगह बनाई। जीत के बाद नोवाक जोकोविच ने पत्रकारों से कहा कि यह बहुत अजीब था। घास पर ऐसा होता है। मेरे करियर में ग्रास-कोर्ट पर ऐसा कई बार हुआ है। स्पष्ट है कि मेरा शरीर अब पहले जैसा नहीं रहा, इसलिए चोट का असर मुझे अगले दिन महसूस होगा। तो देखते हैं। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि अगले 24 से 48 घंटे में जो कुछ भी हुआ है, वह ज्यादा गंभीर न हो, ताकि मैं दो दिनों में बिना दर्द के अपना सर्वश्रेष्ठ खेल सकूं। अपनी 102वीं विंबलडन जीत के साथ, जोकोविच के इस सीजन का रिकॉर्ड 26-8 हो गया है। वह 25वें मेजर खिताब से दो कदम दूर हैं। अगर 38 वर्षीय जोकोविच इस खिताब को जीत लेते हैं, तो वह ग्रास कोर्ट मेजर में रोजर फेडरर के आठ खिताबों के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। अगर जोकोविच खिताब जीत लेते हैं, तो टूर्नामेंट के ओपन एरा इतिहास में सबसे उम्रदराज चैंपियन भी बन जाएंगे। इसी के साथ वह रोजर फेडरर के साल 2017 में बनाए गए रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ देंगे, जिन्होंने 35 साल की उम्र में खिताब जीता था। जोकोविच ने कहा कि मैं 38 वर्षीय खिलाड़ी के रूप में इस बात से बहुत संतुष्ट हूं कि मैं अभी जिस तरह से चल-फिर रहा हूं और खेल रहा हूं, यह मुझे बहुत पसंद है। मेरी टीम में लगभग 10 लोग हैं, जो मेरे ऑन-कोर्ट और ऑफ-कोर्ट करियर, तैयारी और रिकवरी के हर पहलू पर रोजाना काम करते हैं। उन्होंने कहा ि कभी-कभी मैं इन रोजमर्रा के कामों से थक जाता हूं, लेकिन प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए मुझे करना पड़ता है। कोर्ट से बाहर, जिम में या फिर ट्रीटमेंट टेबल पर कई-कई घंटे बिताने पड़ते हैं, बस इस कोशिश में कि जो कुछ भी मेरे पास है, उसके साथ मैं सर्वश्रेष्ठ दे सकूं।



**मैं उम्मीद कर रहा हूं कि अगले 24 से 48 घंटे में जो कुछ भी हुआ है, वह ज्यादा गंभीर न हो, ताकि मैं दो दिनों में बिना दर्द के अपना सर्वश्रेष्ठ खेल सकूं : नोवाक जोकोविच**

# फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 : रियल मैड्रिड को 4-0 से हराकर फाइनल में पीएसजी

**न्यू जर्सी,** 10 जुलाई (एजेंसियां)। पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने रियल मैड्रिड को 4-0 से शिकस्त देकर फीफा क्लब विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पीएसजी की जीत के हीरो फाबियन रुइज रहे, जिन्होंने दो गोल दागे। यह मुकाबला मेटलाइफ स्टेडियम में गुरुवार (भारतीय समयानुसार) को खेला गया।

अब पीएसजी की टीम खिताबी मुकाबले में इंग्लिश क्लब चेल्सी से भिड़ेगी, जिसने सेमीफाइनल में फ्लुमिनेंस को 2-0 से हराया है। भारत में इस फाइनल मैच की शुरुआत 14 जुलाई को रात 12 बजकर 30 मिनट पर होगी। रियल मैड्रिड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में लुइस एनरिके की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल अपनाते हुए दबदबा बनाए रखा। मुकाबले के छठे मिनट फाबियन रुइज ने गोल दागकर पीएसजी को शुरुआती बढ़त दिला दी। इसके बाद ओउस्माने डेम्बेले ने 9वें मिनट में गोल करते हुए टीम को 2-0 से बढ़त में ला दिया। बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड ने 2025 में अपने क्लब के लिए 33 मैचों में 27 गोल दागे हैं। 27वें मिनट फाबियन रुइज ने एक और गोल करते हुए पीएसजी के फैंस को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया। यहां से रियल मैड्रिड की टीम पर काफी दबाव था, लेकिन मैड्रिड गोल करने में कामयाब नहीं हुई। 87वें मिनट गोंसालो रामोस ने भी गोल करते हुए अपना खाता खोला और पीएसजी को 4-0 से लीड दिला दी।



पीएसजी की टीम इससे पहले लीग-1, कप डे फ्रांस और यूईएफए चैंपियंस लीग अपने नाम कर चुकी है। फीफा क्लब वर्ल्ड कप की शुरुआत साल 2000 में हुई थी। यह टूर्नामेंट हर साल आयोजित होता है। इसमें दुनियाभर की बड़ी क्लब फुटबॉल टीमें हिस्सा लेती हैं, जिसका उद्देश्य दुनिया की सबसे बेहतरीन क्लब टीम का फैसला करना है। पीएसजी की टीम पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है, जबकि चेल्सी साल 2021 में चैंपियन रह चुकी है। साल 2012 में टीम को खिताबी मुकाबले में शिकस्त मिली थी।

राजमार्ग बना हादसों का मार्ग

# कारों की भिड़ंत में सेवानिवृत्त एसडीओपी की मौत, 3 घायल





**सिलवानी, देशबन्धु।** स्टेट हाईवे-15 पर सिलवानी-सागर मार्ग पर गुरुवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में रिटायर्ड एसडीओपी अभिमन्यु मिश्रा (उम्र 66 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा ग्राम सिंहपुरी के पास हुआ, जहाँ दो कारें आमने-सामने टकरा गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभिमन्यु मिश्रा अपने पुत्र राहुल मिश्रा (उम्र 35 वर्ष) के साथ कार में सवार होकर सागर से सिलवानी की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार ग्राम सिंहपुरी के पास पहुंची, सामने से आ रही दूसरी कार से जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी कार में भोपाल निवासी जितेंद्र (उम्र 27 वर्ष) और मनोज (उम्र 35 वर्ष) सवार थे। वे भोपाल से सिलवानी होते हुए सागर जिले के बंडा जा रहे थे।

टक्कर इतनी भीषण थी कि रिटायर्ड एसडीओपी अभिमन्यु मिश्रा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनके बेटे राहुल मिश्रा सहित अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सिलवानी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद राहुल मिश्रा की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही सिलवानी के एसडीओपी अनिल मौर्य और थाना प्रभारी पूनम सविता तत्काल अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेट हाईवे-15 पर सड़क की चौड़ाई कम होने और तीव्र गति से चलने वाले वाहनों के कारण हादसों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

## ट्रक और पिकअप की टक्कर ड्राइवर गंभीर



सागर से सिलवानी को जोड़ने वाले स्टेट हाईवे-15 पर सियारमऊ घाटी एक बार फिर भीषण सड़क हादसे का गवाह बनी। गुरुवार को एक तेज रफ्तार ट्रक और पिकअप वाहन की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें पिकअप चालक प्रशांत जैन (उम्र 37 वर्ष), निवासी ग्राम गेहूंरस, तहसील जैसीनगर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं वाहन में सवार रामू ठाकुर (उम्र 19 वर्ष), पिता विजय ठाकुर को मामूली चोटें आईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ जब पिकअप वाहन के ब्रेक अचानक फेल हो गए और वाहन नियंत्रण से बाहर हो गया। सियारमऊ घाटी पर जैसे ही मोड़ आया सामने से आ रहे ट्रक नं. MP-15-HA-0907 से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप नं. MP-15-G-6493 के अगले हिस्से में ड्राइवर फंस गया। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से करीब 10 मिनट की मशक्कत के बाद प्रशांत जैन को बाहर निकाला गया। दोनों घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से सिलवानी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया।इस सड़क पर लगातार हो रहे हादसों को लेकर नागरिकों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने रायसेन कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा से मांग की है कि सियारमऊ घाटी पर स्थित इस खतरनाक सड़क को सीधा और सुरक्षित बनाया जाए ताकि बार बार जानलेवा दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। पिकअप चालक प्रशांत जैन ने अस्पताल में बताया हम गेहूंरस से सिलवानी आ रहे थे। अचानक ब्रेक फेल हो गए और घाट के मोड़ पर सामने से आ रहे ट्रक से एक्सीडेंट हो गई। मेरे सिर में गहरी चोट लगी है।

## सार-समाचार

### गुरू पूर्णिमा पर जिले में शासकीय विद्यालयों में आयोजित हुए कार्यक्रम



**रायसेन, देशबन्धु।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में कमला नेहरू सांदीपनि कन्या शासकीय विद्यालय में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण का शुभारंभ किया गया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले गुरुजनों को सम्मानित किया। रायसेन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन, सांदीपनि शासकीय विद्यालय सहित जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें मुख्यमंत्री डॉ यादव के उद्बोधन का लाईव प्रसारण भी देखा व सुना गया।

### शासकीय आईटीआई रायसेन में प्लेसमेंट

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजनांतर्गत हितग्राहियों का चयन करने के लिए रायसेन के समीप ग्राम पठारी स्थित शासकीय आइटीआई में 11 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में निजी कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। पदों के लिये योग्यता पदानुसार कक्षा 8वीं, कक्षा 10वीं, कक्षा 12वीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा एवं डिग्री इंजीनियरिंग है। आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष निर्धारित है।

मुख्यमंत्री सीखों कमाओ योजना के अंतर्गत 40 रिक्तियों पर योग्यतानुसार 8000 से 10000 रू तक स्टाईफंड दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कंपनियों की पॉलिसी अनुसार अन्य लाभ दिए जाएंगे। चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। आवेदक अपना बायोडाटा तैयार कर अंकसूची, मूल निवास, दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित हों। प्लेसमेंट ड्राइव से संबंधित अधिक जानकारी के लिये प्रमोद डेनियल टीपीओ मो.न. 9340620041 से संपर्क कर सकते हैं।

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य डॉ. निशा श्रीवास्तव 15 जुलाई को आयेंगी

देवास, देशबन्धु। मध्यष प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य व उज्जैन संभाग प्रभारी डॉ. निशा श्रीवास्तव 15 जुलाई को देवास आयेंगी। प्रस्तासवित दौरा कार्यक्रम अनुसार डॉ. निशा श्रीवास्तव 15 जुलाई को सुबह 10 बजे सर्किट हाउस देवास आयेंगी। बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. श्रीवास्तव देवास में समन्वय बैठक, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक लेंगी एवं शासकीय तथा अशासकीय संस्थाधओं का निरीक्षण करेंगी। इसके पश्चात देर शाम को भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

## जिले में अब तक 485.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में 01 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक 485.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 288.7 मिलीमीटर अधिक है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 314.8 मिलीमीटर, गैरतगंज में 451.6, बेगमगंज में 638.1, सिलवानी में 510.6, गौहरगंज में 308.5, बरेली में 490.2, उदयपुरा में 714, बाड़ी में 385.5, सुल्तानपुर में 412.8 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 624.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 10 जुलाई 2025 को प्रातः 08 बजे तक 29.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई।

## करोड़ों की लागत से बन रहे सीएम राइज स्कूल तक दलदल से होकर पहुंच रहे छात्र

**सांची, देशबन्धु।** शासन भले ही छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के मकसद से शासकीय उ.मा.वि. को सीएम राइज स्कूल में तब्दील कर रहा हो, लेकिन स्कूल तक पहुंचने के लिए छात्रों को दलदल से गुजरकर जाना पड़ता है। सरकार द्वारा इस स्कूल को सीएम राइज स्कूल का दर्जा दिया गया है, जहां भविष्य में लगभग 2 हजार छात्र एक साथ शिक्षा ग्रहण करेंगे। इस उद्देश्य से परिसर में करोड़ों रुपये की लागत से अत्याधुनिक भवन निर्माण का कार्य पिछले लंबे समय से जारी है, लेकिन कार्य की धीमी गति और अव्यवस्थित निर्माण व्यवस्था छात्रों की राह में रोड़ा बन गई है। फिलहाल छात्रों की पढ़ाई पुराने भवन में चल रही है, लेकिन निर्माण कार्य के चलते पूरा परिसर कीचड़ और गंदगी में तब्दील हो गया है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों, शिक्षकों और छात्रावास में रहने वाली दूरदराज की सैकड़ों छात्राओं को हर रोज इस गंदगी और दलदल से होकर गुजरना पड़ रहा है।







प्रथम दृष्टया इसके लिए निर्माण एजेंसी जिम्मेदार हैं, जिन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था नहीं की। स्कूल प्रबंधन भी कम दोषी नहीं है जिसने समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाए। निर्माण सामग्री और मलबा बेतरतीब ढंग से परिसर में डंप किया गया है, जिससे स्थिति और बिगड़ गई है। बारिश में कीचड़ और गंदा पानी बच्चों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन रहा है। छात्र और छात्राएं गंदे कपड़े और फिसलन से जूझते हुए स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं।

अव्यवस्था का आलम यह है कि छात्रावास और परिवहन भी इससे प्रभावित है। स्कूल परिसर से सटे हुए क्षेत्र में 3 आदिवासी छात्रावास संचालित हैं, जहां दूरस्थ ग्रामीण अंचलों की छात्राएं निवास करती हैं। इन्हें भी रोज इसी दलदल से गुजरना पड़ता है। इतना ही नहीं, सरकार द्वारा छात्रों को लाने-ले जाने के लिए उपलब्ध 6 बसें भी अब खुद दलदल की शिकार हैं।

सर्विस रोड कीचड़ में डूबी हुई है, जिससे बसों को खड़े होने की जगह भी ठीक से नहीं मिल पा रही। इन बसों के यहां खड़े रहने से आम लोगों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी की धीमी गति और लापरवाही से यह स्थिति बनी है। न तो एजेंसी ने समस्या का हल तलाशा, न ही स्कूल प्रबंधन ने छात्रों की सुविधा को प्राथमिकता दी।

शासन का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है, लेकिन जब बुनियादी पहुंच ही बाधित हो जाए तो शिक्षा भी प्रभावित होती है। जरूरत है कि निर्माण एजेंसी, शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप करें और इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान निकालें।

## गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में वीर शिवाजी शिक्षण समिति द्वारा विद्यालय परिवार को सम्मानित किया



**सिलवानी, देशबन्धु।** अतिथि परिचय विद्यालय के प्राचार्य जी द्वारा किया गया एवं अतिथि स्वागत विद्यालय के आचार्य श्री आशीष जी श्रीवास्तव श्री लीलाराम प्रजापति श्री संतोष कुमार जी द्वारा किया गया समिति के सदस्य श्री सुरेंद्र रघुवंशी द्वारा उद्बोधन दिया गया 'गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु गुरुर देवो महेश्वरा गुरु साक्षात पर ब्रम्ह तस्मै श्री गुरुवे नमः' । **सुरेंद्र रघुवंशी द्वारा गुरु की महिमा का वर्णन किया गया है:** गुरु एक कुम्हार की तरह है जो घड़े को बनाने के लिए उसको कूटता पीटता है लेकिन उसको अपने हाथ से सहारा दिए रहता है इसी तरह गुरु भी है जो अपने शिष्यों को ज्ञान देने के लिए उनको डांटता भी है इसलिए हमेशा अपने गुरुओं का सम्मान करना जरूरी है।

इस अवसर पर वीर शिवाजी शिक्षण समिति के अध्यक्ष अरुण जैन, उपाध्यक्ष आनंद ठाकुर, सचिव अशोक शुक्ला, सहसचिव सीताराम साहू, कोषाध्यक्ष ज्ञायक जैन, सदस्य सुरेंद्र रघुवंशी, श्रीमती महिमा जैन, अभिभावक प्रतिनिधि कैलाश लोधी उपस्थित रहे।

## अग्निवीर सेना भर्ती के लिए 11 जुलाई से शुरू होंगे आवेदन

**देवास, देशबन्धु।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि देवास जिले के युवाओं को रोजगार के अवसरों की जानकारी देने के लिए अग्निवीर वायु सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के अधिकारियों द्वारा वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से अग्निवीर वायु सेना भर्ती के संबंध में जिले के छात्र-छात्राओं को आवश्यनक जानकारी दी गई। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जिले के आईटीआई, केपी कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज देवास में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को अग्निवीर योजना भर्ती प्रक्रिया निर्देश परीक्षा पेटर्न का विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

इस दौरान बताया गया कि एयरफोर्स के अधिकारिक वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर नई भर्ती के आवेदन 11 जुलाई 2025 से शुरू होंगे। आवेदन 31 जुलाई तक किये जा सकते है। परीक्षा 25 सितम्बर 2025 को संभावित है। आवेदक अग्निवीर वायु भर्ती फार्म 12वीं पास सांइस विषय और आर्टस दोनों विषय के अभ्यार्थियों के लिए है। सांइस विषय से आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों का इंटरमीडिएट समकक्ष योग्यता मैथमेटिकस/फिजिक्स और इंग्लिश विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना चाहिए। इंग्लिश विषय के साथ न्युनतम 50 प्रतिशत अंक होना चाहिए।

## सोनकच्छ, खातेगांव व बागली के बीएलओ को 14 से 17 तक दिया जाएगा प्रशिक्षण



**देवास, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के बूथ लेवल अधिकारियों के लिये राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 170-सोनकच्छ, 173-खातेगॉव एवं 174-बागली के बीएलओ को 14 से 17 जुलाई तक विधानसभा स्तर पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 171- देवास एवं 172- हाटपीपल्या के बीएलओ को शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो 11 जुलाई तक चलेगा। प्रशिक्षण में बीएलओ को नामावली से संबंधित विधिक प्रावधान तथा निर्वाचक नामावली को तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे कर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन करने, मृत/ स्थानांतरित/ दोहरी प्रविष्ठि वाले मतदाताओं के नाम नामावली से हटाने की प्रक्रिया, नामावली के संदर्भ में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बूथ लेवल एजेंट से संबंधित समस्त प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में बीएलओ एप, वोटर हेल्पलाईन एप, नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल की तकनीकी की बारिकियों से भी कराया जा रहा है।

## अनाधिकृत कॉलोनी निर्माण के संबंध में प्रस्तुत करें आपत्ति

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा पन्ना में विभिन्न सर्वे नंबर एवं रकवा की भूमि पर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा, नगर तथा ग्राम निवेश से लेआउट स्वीकृति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बगैर तथा किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास व रेरा में पंजीयन कराए बिना छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर अनाधिकृत कॉलोनी का निर्माण पाए जाने पर आगामी कार्रवाई के लिए संबंधितजनों को आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए सूचित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना एवं नजूल तहसीलदार पन्ना के प्रतिवेदन अनुसार ग्राम पन्ना स्थित सर्वे नंबर 4227 रकवा 0.275 हे. भूमि पर किशोरगंज मोहल्ला पन्ना निवासी अनावेदकगण किशोरी लाल, श्यामलाल, राजकुमार एवं सोनी द्वारा अनाधिकृत कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। इसी तरह सर्वे नंबर 407 रकवा 0.384 हे. भूमि पर अनावेदकगण किशोरगंज मोहल्ला निवासी मु. मुरूस्सका, निशात, जावेद एवं नुजहत अहमद द्वारा भी अनाधिकृत कॉलोनी निर्मित की जा रही थी। उक्त दोनों कॉलोनी को अनाधिकृत घोषित करने की कार्रवाई प्रचलन में है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से आगामी 24 जुलाई तक कलेक्टर न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है।

कलेक्टर न्यायालय द्वारा पवई की सर्वे नंबर 3971 रकवा 1.114 हे. भूमि पर अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में भी आगामी 28 जुलाई को कलेक्टर न्यायालय में पेशी तिथि निर्धारित की गई है। यहां पवई निवासी अनावेदकगण पन्नालाल, विन्द्रावन, दिलीप, विनोद कुमार, सुहद्री बाई, राधा बाई, गीता बाई एवं सुमन बाई द्वारा अनाधिकृत कॉलोनी का निर्माण करना पाया गया।

## शासकीय महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया



**सिलवानी, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय में आज गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं अतिथियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम की मुख्य विशेषता सेवा-निवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह रहा, जिसमें वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले गुरुओं को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपने शब्दों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्याम साहू राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, 'गुरु का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है। शिक्षक ही समाज की नींव होते हैं और उनका मार्गदर्शन युवाओं को सही दिशा देता है।'

महाविद्यालय के प्राचार्य मनोहर पंथी ने भी गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह दिन गुरु-शिष्य परंपरा को पुनः स्मरण करने और शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करने का दिन है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी, छात्रगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने सलामतपुर पैक्स के प्रतिनिधि कुंवर सिंह दांगी से किया संवाद

## महिला प्रतिनिधियों ने साझा किए अनुभव, पैक्स के कार्यकर्ताओं को मिली सराहना

**रायसेन, दशबन्धु।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुजरात के आणंद में अमूल एवं नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के विविध विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देशभर से आये सहकारी समितियों के सदस्यों, विशेषकर महिला प्रतिनिधियों से संवाद कर सहकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा। इसमें रायसेन सहित मध्यप्रदेश की विभिन्न पैक्स (प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों) के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए, जिस पर उन्हें सराहना मिली।

**रायसेन के श्री कुंवर सिंह दांगी - नेपियर घास से बड़ी आमदनी:**

केंद्रीय मंत्री श्री शाह को रायसेन जिले की सलामतपुर पैक्स के प्रतिनिधि श्री कुंवर सिंह दांगी ने बताया कि उनकी समिति ने 50 एकड़ क्षेत्र में नेपियर घास की खेती प्रारंभ की है, जिससे किसानों को प्रति एकड़ 1 लाख तक का लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि संस्था का मशरूम वर्ल्ड कंपनी से टाईअप भी हुआ है। मंत्री श्री शाह ने पैक्स के बायलॉज में किए गए संशोधन का उल्लेख करते हुए उन्हें जिला सहकारी बैंक के निरीक्षक से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर नई गतिविधियों को जोड़ने की सलाह दी। श्री दांगी ने बताया कि उनकी समिति प्रधानमंत्री अन्न भंडारण योजना के अंतर्गत 2 एकड़ भूमि पर 3000 टन क्षमता का वेयरहाउस स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

**सहकारिता आंदोलन को गति देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम:**

केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि देश में दो लाख नई पैक्स का गठन किया जाएगा, जो उत्पादन, अनाज विक्रय और ग्रामीण सेवा वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। साथ ही, एक राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय तथा तीन नई डेयरी आधारित सहकारी समितियाँ स्थापित की जाएंगी, जिससे सहकारिता क्षेत्र को शिक्षित, संगठित और व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाया जा सकेगा।

कार्यक्रम के समापन पर केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि पैक्स को केवल खाद या बीज वितरण तक सीमित न रखें। उन्हें खाली जमीन का उपयोग, मशीन किराये पर देना, जनऔषधि केंद्र का संचालन, और नई कृषि तकनीकों का प्रयोग करते हुए गांवों को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। उन्होंने सभी सहकारी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे मॉडल बायलॉज, कृषि एप्स, और नवीन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर अपनी समिति को आर्थिक रूप से सक्षम एवं सेवा-प्रधान इकाई के रूप में विकसित करें।

# ताप्ती तीरे

## सार-समाचार

### नगर मंडल ने किया गुरूजनों का सम्मान



**आठनेर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार के मार्गदर्शन में नगर मंडल आठनेर द्वारा ग्राम मांडवी में मधुसूदन अमरूते के निवास पर गुरुजनों के सम्मान हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंडल अध्यक्ष गोवर्धन राने एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उपस्थित गुरु जनो को तिलक लगाकर श्रीफल एवं अंग वस्त्र भेंटकर उनका सम्मान किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राने ने कहा कि इस संसार मे गुरू का स्थान सर्वोपरि है गुरू हि हमे अंधकार से प्रकाश की ओर लेकर जाते है अत: गुरुजनों का सम्मान सदैव सभी नागरिको को करना चाहिए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत शिक्षक कस्तूरचंद बोरबन ने भाजपा द्वारा गुरुजनो के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम कि सराहना की इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक रामदयाल नरवरे नारायण नरवरे काशीराम दवंडे मधुसुदन अमरूते कस्तुरचंद बोरबन एवं कथा वाचक तथा संगीत प्रशिक्षक सचिन जोशी महाराज का सम्मान किया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से मंडल मंत्री माधोराव सातपुते बुथ अध्यक्ष निलम रायपुरे अभिनंदन अनघोरे मंशाराम राठौर रामदास नरवरे नंदकिशोर बारपेटे रामनाथ अमरूते कुंडलिक ठाकरे उमेश नरवरे सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बैंक मित्रों का महासम्मेलन 12 को भोपाल में

**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश बैंक मित्र संगठन द्वारा राज्य स्तरीय प्रथम बैंक मित्र महासम्मेलन का आयोजन आगामी 12 जुलाई को भोपाल में किया जा रहा है। संगठन के बैतूल जिला अध्यक्ष रितेश राठौर ने सभी बैंक मित्र साथियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचें। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन बैंक मित्रों ने अब तक सदस्यता नहीं ली है, वे भी इस सम्मेलन में शामिल होकर अपनी भागीदारी दर्ज करा सकते हैं।

### आस्था जैन होगी जनपद पंचायत आठनेर की सीईओ

**आठनेर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सुश्री आस्था जैन आठनेर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी होगी इसके पूर्व भैसदेही के सीईओ देवेंद्र दीक्षित आठनेर के प्रभारी सीईओ के रूप में कार्य कर रहे थे उन्हें भैसदेही अलावा आठनेर जनपद पंचायत सीईओ की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई थी तथा अस्थाई रूप से आठनेर सीईओ का पद भी संभाल रहे थे लेकिन अब आठनेर को सुश्री आस्था जैन के रूप में दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है अत: वे आठनेर की स्थाई सीईओ होगी।

### भक्तों ने दादाजी दरबार में चढ़ाए निशान

**आमला, देशबन्धु।** आमला समेत क्षेत्र के आस्था के केंद्र श्री दादाजी दरबार सोनतलाई में श्री गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूम धाम से मनाया गया । सुबह से ही दर्शन के लिए दादाजी भक्तों का ताता लगा रहा। दादाजी दरबार में प्रात: काल में श्री धूनीवाले दादाजी, छोटे दादाजी, नर्मदा माई एवम श्री गणेश का पंचामृत स्नान एवं श्रृंगार के बाद प्रात: आरती संपन्न हुई । प्रतिवर्षानुसार दादाजी के भक्तों द्वारा निशान यात्रा



निकाल कर दादाजी दरबार में निशान चढ़ाए तो बड़ी संख्या में भक्तों के द्वारा श्री फल भेट कर अपनी अर्जी लगाई । इस दौरान दादाजी महाराज को टिक्कड़ चटनी समेत विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाया गया। बड़ी संख्या में दादाजी भक्तो की उपस्थिति में महाआरती एवम भजलो दादाजी का नाम ,भजलो हरिहर नाम जाप किया गया। आरती के पश्चात भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

---

सरपंच वीरेंद्र बबलू उइके एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजा धुर्वे के नेतृत्व में

# कुंडी टोल प्लाजा पर वसूली के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



**शाहपुर, देशबन्धु।** बैतूल से इटारसी के बीच बन रहे नेशनल हाईवे पर कुंडी टोल से वसूली शुरू कर दी गई है, लेकिन सड़क निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। इसके विरोध में शाहपुर क्षेत्र के ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सरपंच वीरेंद्र बबलू उइके एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजा धुर्वे के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को ज्ञापन भेजकर तत्काल वसूली रोकने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि यह क्षेत्र संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत अधिसूचित आदिवासी क्षेत्र है और यहां के स्थानीय नागरिक आदिवासी हैं। इसके बावजूद एनएचआई द्वारा टोल वसूली शुरू करना पूरी तरह अनुचित है।

ग्राम पंचायत कुंडी के सरपंच वीरेंद्र बबलू उइके ने आरोप लगाया कि टोल का संचालन बिना ग्रामसभा की स्वीकृति (एनओसी) के किया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि टोल बूथ पर बाहरी तत्वों के माध्यम से पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों को डराया और धमकाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है। इस विरोध प्रदर्शन में सरपंच वीरेंद्र बबलू उइके के साथ आसपास के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

**बरेठा घाट का निर्माण कार्य अभी तक नहीं हुआ:**-ग्रामीणों ने बताया कि कुंडी टोल से बैतूल की ओर जाने वाले मार्ग में लगभग 10 से 12 किलोमीटर की दूरी पर बरेठा घाट का निर्माण कार्य अभी तक नहीं हुआ है।

वहीं इटारसी की ओर जाने वाले मार्ग में भी लगभग 30 किलोमीटर के बाद 15 किलोमीटर का हिस्सा अभी अधूरा है। इसके बावजूद वाहन चालकों से पूरे टोल की वसूली की जा रही है, जबकि वे केवल लगभग 40 किलोमीटर ही सफर कर रहे हैं। गांव के लोगों का कहना है कि टोल पर आदिवासी क्षेत्रों के नागरिकों से उनके निजी वाहन और कृषि कार्य में उपयोग आने वाले वाहनों पर भी पूरी राशि वसूली जा रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। शाहपुर और भौरा जैसे कस्बे जो टोल से महज 5 से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं, वहां के लोगों को भी टोल चुकाना पड़ रहा है।

### मनमानी वसूली को बढ़ावा दे रहे अधिकारी

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि टोल अनुबंधकर्ता द्वारा यह दबाव डाला जा रहा है कि ग्रामीण 350 रुपए प्रति माह देकर पास बनवाएं। इससे साफ है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और उनके अधिकारी अनुबंधकर्ताओं के दबाव में काम कर रहे हैं और मनमानी वसूली को बढ़ावा दे रहे हैं। ग्रामीणों ने सड़क परिवहन मंत्रालय से मांग की है कि जब तक हाईवे का पूर्ण निर्माण नहीं हो जाता, तब तक कुंडी टोल से वसूली बंद की जाए। साथ ही टोल के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले नागरिकों के निजी और कृषि उपयोग के वाहनों को टोल से पूर्णत: मुक्त किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

---

साधु संतों, पुजारी एवं आचार्यों को सम्मानित किया

# भाजपा ने किया गुरूपूर्णिमा पर गुरुजनों का सम्मान

- गुरूओ के सम्मान समारोह में शिक्षकों का सम्मान किया गया



**बैतूल,देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार को गुरुपूर्णिमा का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिले के सभी संगठनात्मक 30 मंडलो में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न क्षेत्र के गुरुजनों, सभी पंथ के साधु संतों, पुजारी एवं आचार्यो को सम्मानित किया। सम्मान की इसी कडी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने अपने ग्रह नगर में स्कूली समय में उनके शिक्षक रहे के.के.चौबे, पटेल सर, कोरी सर, जयसिंगपुरे सर और ज्योतिषाचार्य पं.कांत दिक्षीत के निवास पहुंचकर उनका शाल श्रीफल से सम्मान किया।

इसके पश्चात दादाजी की कुटी पहुंचे। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने नगर के ब्रम्हकुमारी आश्रम, सतपाल आश्रम, फटटीवाले बाबा आश्रम व संस्थाओ में पहुंचकर गुरूओ का वंदन एवं बैतूलबाजार में आयोजित गुरूओ के सम्मान समारोह में शिक्षको का सम्मान किया। सम्मान समारोह में श्री पंवार ने कहा कि गुरू जीवन के अंधकार को हर कर प्रकाशमय मार्ग प्रशस्त करते है। राम कृष्ण परमहंस के शिष्य स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व में सनातन की परंपरा का परचम लहराया गुरूपूजन हमारे सनातन की पावन परंपरा है। वहीं विभिन्न मंडलो के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारीयों सहित कार्यकर्ताओ ने मंडलो पर गुरूपूजन का कार्यक्रम आयोजित कर गुरूओं, पुजारीयों, कला शिक्षको, खेल शिक्षको, रिटायर्ड शिक्षको भुम्काओं का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, विधायक डा.योगेश पंडाग्रे, मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य, विकास मिश्रा, डा.अरूण जयसिंहपुरे सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता बडी संख्या में मौजूद रहे।

---

विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

# एक अच्छा मार्गदर्शक ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है: डॉ.सबले



**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल। विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व भारतीय परंपराओं के अनुरूप श्रद्धा के साथ मनाया गया इस अवसर पर महाविद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ.विजय साबले, समिति सदस्य निर्गुण देशमुख, संजय बालापूरे, कमलेश गड़ेकर और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर कृष्ण खासदेव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।कार्यक्रम के दौरान समिति सदस्य निर्गुण देशमुख ने कहा कि गुरु का कार्य विषय का ज्ञान देने के साथ ही अपने विद्यार्थियों को नैतिकता और संस्कारों से जोड़ना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे गुरु के बताए मार्ग पर चलकर सनातन संस्कृति का पालन करते हुए जीवन को सार्थक बनाएं। अध्यक्ष डॉ.विजय साबले ने अपने वक्तव्य में कहा कि महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण अपना सर्वोत्तम योगदान दें ताकि विद्यार्थी अकादमिक रूप से मजबूत बनें, चरित्र निर्माण में भी आगे रहें। उन्होंने कहा कि आज के युग में एक अच्छा मार्गदर्शक ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। कार्यक्रम में श्री लहरपुरे ने भी गुरु शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर तुल्य माना गया है और यही परंपरा हमें वैश्विक स्तर पर विशेष बनाती है। पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर पुष्पक देशमुख ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रोफेसर गायकवाड़ ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

# जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार मेला आज

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में 11 जुलाई को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन प्रात: 11 बजे से किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड यदि हो तो, चार पासपोर्ट साइज फोटो, वोटर आईडी, समग्र आईडी की फोटोकॉपी के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 7 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। मेधावी एस्पायर प्राइवेट लिमिटेड पुणे में उत्पादन एवं गुणवत्ता के 100 पदों के लिए योग्यता 10वीं 12वीं स्नातक, आईटीआई होना अनिवार्य है। कुलोदय टेक्नोपैक प्राइवेट लिमिटेड दमन गुजरात में मशीन ऑपरेटर, मैकेनिक, हेल्पर के 100 पदों तथा यशस्वी ग्रुप भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों के लिए योग्यता आठवीं, दसवीं, 12वीं आईटीआई होना अनिवार्य है। जेके बायो एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पद तथा आरएफएमआई ग्रुप भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड मैनेजर, डिजिटल मैनेजर, टेलीकॉलिंग मैनेजर, बिजनेस एनालिस्ट के 120 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक होना अनिवार्य है। शक्ति मोटर्स मूलतापी प्राइवेट लिमिटेड में सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, मैकेनिक हेल्पर के 25 पदों के लिए योग्यता आठवीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा तथा सीआईआई राहुल बजाज सेंटर आफ एक्सीलेंस ऑन स्किल छिंदवाड़ा में टेक्नीशियन के 75 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा होना अनिवार्य है।

---

# नियमितीकरण की मांग को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले दैवेभो कर्मचारी

**बैतूल, देशबन्धु।** दैनिक वेतन भोगी एवं संविदा कर्मचारी संघ ने प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन वर्ष 2007 से 2016 तक बैतूल नगर पालिका परिषद में लगातार कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर दिया गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका परिषद बैतूल में लगभग 17-18 वर्षों से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों का अब तक कोई नियमितीकरण नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि वे विभिन्न विभागों में पूरी निष्ठा से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें स्थायी नियुक्ति से वंचित रखा गया है। इस स्थिति से उनके भविष्य को लेकर गहरी अनिश्चितता बनी हुई है। संघ के अध्यक्ष अमित सक्सेना ने ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाए, जिससे उनके जीवन और परिवार को स्थायीत्व मिल सके। प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल ने कर्मचारियों की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांग पूरी तरह जायज है और वह इसे प्राथमिकता के साथ शासन स्तर पर उठाएंगे। उन्होंने कहा कि



वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों को न्याय मिलना चाहिए और इस दिशा में वे संबंधित विभागों से चर्चा करेंगे ताकि नियमितीकरण की प्रक्रिया जल्द शुरू हो सके। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष अमित सक्सेना, प्रमोद ठेकले, सुशील रागड़े, आर.ए. वासनिक (बंटी), राजाराम यादव, दीपक यादव, मधु चौकिकर, रामशंकर गाडगे, हंसराज पवार, रोहित बंजारे, पिंटू बोड़खे, रितेश बंसकार, आदि उपस्थित थे।

---

# छानबीन समिति के पास पहुंचा फर्जी जाति प्रमाण पत्र का मामला

- उच्च स्तरीय जांच की मांग

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले के एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका की नियुक्ति को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। आरोप हैं कि शिक्षिका ने संविदा नियुक्ति के लिए फर्जी जाति प्रमाण पत्र का उपयोग किया। अब यह मामला जनजातीय कार्य विभाग की छानबीन समिति तक पहुंच गया है। मामले में आवेदक ने भोपाल स्थित विभागीय आयुक्त से उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए प्रमाण सहित कई आपत्तियां उठाई हैं।

इस पूरे मामले की शिकायत ग्राम भयावाड़ी निवासी आकाश पिता रामकिशोर कुदारे द्वारा जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल में की गई है। शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि शिक्षिका लीना रायकवार लगभग 15 वर्षों से लगातार पहले पी.एम.श्री हाई स्कूल भयावाड़ी में और फिर बांका खोदरी में पदस्थ हैं। लीना रायकवार को वर्ष 2007 में संविदा शिक्षक वर्ग-2 के रूप में नियुक्त किया गया था। नियुक्ति के समय उन्होंने केवल नायब तहसीलदार आमला द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र लगाया था। जबकि नियमानुसार 6 माह के भीतर सक्षम अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य था। आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी में यह तथ्य सामने आया कि संस्था के अभिलेख में आज तक स्थायी प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि नियुक्ति के समय मूल प्रमाण पत्र संस्था में जमा किए गए थे, तो आज वे अभिलेख में क्यों नहीं हैं। इससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि कहीं जाति प्रमाण पत्र की सत्यता ही संदिग्ध तो नहीं थी।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि संस्था द्वारा शिक्षिका के कार्य, आचरण और प्रदर्शन का कोई वार्षिक मूल्यांकन भी संधारित नहीं किया गया है, जो कि नियोजन नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इतना ही नहीं, आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि नियुक्ति आदेश की शर्त संख्या 10 के अनुसार पुलिस विभाग से चरित्र सत्यापन अनिवार्य है। आवेदक ने संदेह व्यक्त किया है कि क्या अनावेदक का कभी पुलिस सत्यापन हुआ भी है या नहीं। खासकर तब, जब उनके ऊपर 14 मार्च को शाहपुर थाने में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है।

---

# वर्किंग प्रोफेशनल कोर्स के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

**बैतूल, देशबन्धु।** श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट महाविद्यालय में वर्किंग प्रोफेशनल कोर्स के तहत चौथे सेमेस्टर की परीक्षा का शुभारंभ हो चुका है। यह पाठ्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है। खास बात यह है कि यह पाठ्यक्रम विद्युत मंडल कर्मचारी यूनियन, सारनी की लगभग आठ वर्षों की निरंतर कोशिशों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से संभव हुआ है। इस पाठ्यक्रम की शुरुआत के पीछे केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, विधायक हेमंत खंडेलवाल और डॉक्टर योगेश पंडाग्रे के विशेष प्रयास रहे। विद्युत मंडल कर्मचारी यूनियन मध्यप्रदेश की शाखा सारनी ने यह मांग लंबे समय से उठाई थी कि सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी में कार्यरत युवा तकनीकी कर्मचारियों को भी डिप्लोमा कोर्स की सुविधा मिलनी चाहिए। इस दिशा में यूनियन के क्षेत्रीय महामंत्री अंबादास सूने ने दिसंबर 2016 से लगातार पत्राचार कर प्रयास किए।

---

# सहायक सचिव के समर्थन में सरपंच-सचिव संघ ने उठाई आवाज



**खिरकिया, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत पड़वा में पुलिया निर्माण कार्य को लेकर उत्पन्न विवाद के चलते सरपंच,सचिव,सहायक सचिव संयुक्त संगठन जनपद पंचायत खिरकिया ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपकर सहायक सचिव के खिलाफ की गई झूठी शिकायत को निरस्त करने एवं शिकायतकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि जनपद पंचायत निधि से स्वीकृत पुलिया निर्माण कार्य को ग्रामवासी देवेन्द्र राजपूत द्वारा बाधित किया जा रहा है, जिससे 25ङ्क30 परिवारों का आवागमन प्रभावित हो गया है। आरोप है कि जब निर्माण एजेंसी द्वारा बातचीत की गई, तो शिकायतकर्ता ने सरपंच, सचिव एवं सहायक सचिव से अभद्रता की और खुद को अधिवक्ता बताते हुए झूठे प्रकरणों में फंसाने की धमकी दी। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि देवेन्द्र राजपूत द्वारा पूर्व में भी सूचना का अधिकार का दुरुपयोग करते हुए सहायक सचिव से 20,000 रुपये की मांग की गई थी। मांग पूरी न होने पर शासकीय कार्यों में बाधा पहुंचाई जा रही है और निराधार शिकायतें की जा रही हैं।

---

कामरेड राजपाल ने प्रशासन पर साधा निशाना, बोले- ठेकेदार के आगे नतमस्तक हैं जिम्मेदार

# शराब दुकान हटाने की मांग पर अड़ी सीटू

**बैतूल, देशबन्धु।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन सीटू गंज स्थित शराब दुकान हटाने की मांग पर अड़ गई है। यूनियन के संरक्षक कामरेड कुंदन राजपाल ने बताया इंदौर शहर में वार्ड क्रमांक 83 की शराब दुकान को स्थानीय विधायक मालिनी गौड ने जनहित में बंद करवा दिया, लेकिन बैतूल शहर के राजेंद्र वार्ड में स्थित एक सरकारी आंगनवाड़ी केंद्र के पास संचालित शराब दुकान को लेकर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि आज भी मौन साधे बैठे हैं। इस दुकान को हटाने की मांग वर्षों से की जा रही है, परंतु न तो सांसद की ओर से कोई पहल की गई और न ही विधायक की ओर से।


इस शराब दुकान को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन सीटू द्वारा जिला मुख्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। इसमें जिलेभर की सैकड़ों आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं शामिल हुईं। प्रदर्शन के पश्चात यूनियन ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांग की गई कि उक्त शराब दुकान को तत्काल हटवाया जाए। कुंदन राजपाल ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजेंद्र वार्ड के शासकीय आंगनवाड़ी केंद्र के पास शराब दुकान वर्षों से चल रही है और इसे हटाने की बार-बार की गई मांगों के बावजूद जिम्मेदारों की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की शराब ठेकेदार से कोई मिलीभगत है, जिसके चलते जनहित की मांगों की अनदेखी की जा रही है। कामरेड कुंदन राजपाल ने कहा कि जिस प्रकार इंदौर की विधायक मालिनी गौड ने आम जनता की भावना का सम्मान करते हुए वार्ड क्रमांक 83 की शराब दुकान को बंद करवाया, क्या बैतूल के हमारे सांसद और विधायक वैसा ही कार्य नहीं कर सकते। अगर वे यह कर पाते हैं तो वे निश्चित रूप से बधाई के पात्र होंगे।

यूनियन ने यह भी मांग की है कि इस पूरे मामले में लापरवाही बरतने वाले आंगनवाड़ी परियोजना अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उनकी संपत्ति की जांच भी कराई जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि जनहित की इस मांग की उपेक्षा की गई तो यूनियन इस मुद्दे को विपक्षी विधायकों के माध्यम से विधानसभा में उठाने का कार्य करेगी। धरना प्रदर्शन के दौरान यूनियन की ओर से यह भी कहा गया कि यदि प्रशासन शराब दुकान को हटाने में असमर्थ है तो कम से कम आंगनवाड़ी केंद्र को किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाए, जिससे वहां कार्यरत महिलाओं और आने वाले बच्चों पर नकारात्मक असर न पड़े।

---

# किसानों की मूंग फसल की तुलाई प्लेट कांटे से कराई जावे: डॉ. दोगने

**हरदा, देशबन्धु।** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर किसानों की मूंग फसल की खरीदी प्लेट कांटे से कराये जाने की मांग की ।साथ ही उन्होंने जानकारी



मांगी गई कि जिन सोसायटियों व वेयर हाऊसों पर मूंग खरीदी की जा रही है वह शासन के निर्धारित मापदंड अनुसार है अथवा नही ।उन्होंने पत्र में लेख किया कि हरदा जिले में समस्त सोसायटियों में किसानों की ग्रीष्मकालीन मूंग फसल खरीदी शुरू हो चुकी है परन्तु वर्तमान में मूंग फसल की तुलाई प्लेट कांटे से नही की जा रही है। जिसके कारण तुलाई में अधिक समय लग रहा है और बारिश के मौसम में किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। इस हेतु किसान हित को दृष्टिगत रखते हुए हरदा जिले के समस्त खरीदी केन्द्रो पर किसानों की मूंग फसल की तुलाई प्लेट कांटे से कराये जाने की व्यवस्था कराए जाने की बात कही जिससे तुलाई में कम समय लगेगा और किसानों को सुविधा होगी।

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति | 1.36 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.04 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.72 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस सर्विसेज | 0.65 प्रतिशत |
| ट्रेंट | 0.41 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.62 प्रतिशत |
| एशियन पेंट्स | 1.92 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.05 प्रतिशत |
| बीईएल | 1.03 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.93 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,046 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,07,934 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7789-7818 |
| मसूर काली | 8006-8032 |
| उड़द दाल | 10556-10561 |
| मूंग दाल | 10133-10146 |
| अरहर दाल | 11130-11132 |

# एफटीए से कृषि क्षेत्र को मिल रहा बढ़ावा : गोयल

- किसानों को 25 करोड़ मृदा हेल्थ कार्ड वितरित
- पीएम-किसान सम्मान निधि योजना से किसान परिवार लाभान्वित

**नई दिल्ली,** 10 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) देशों और ब्रिटेन सहित विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के माध्यम से सहायक नीतियों, राजकोषीय प्रोत्साहनों, कम टैरिफ बाधाओं और नए बाजार तक पहुंच के जरिए कृषि क्षेत्र में प्रगति हुई है।

16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉनक्लेव को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संतुलित उर्वरक इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 25 करोड़ सॉइल हेल्थ कार्ड बांटे गए हैं और किसान क्रेडिट कार्ड पहल के माध्यम से फसल ऋण सुलभ कराए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कृषि क्षेत्र को अपने विकास एजेंडे में लगातार सबसे आगे रखा है। पीएम-किसान सम्मान निधि योजना से बड़ी संख्या में किसान परिवार लाभान्वित हुए हैं। इसके अतिरिक्त, 1,400 मंडियों को ई-नाम प्लेटफॉर्म के साथ इंटीग्रेट किया गया है, जिससे देश भर के किसानों को फसल की कीमतों की वास्तविक समय की जानकारी प्राप्त करने और बाजार संपर्क बढ़ाने में मदद मिली है।



सरकार ने कृषि क्षेत्र को अपने विकास एजेंडे में लगातार सबसे आगे रखा है : पीयूष गोयल

केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित लोगों को बताया कि उर्वरक क्षेत्र में, सरकार ने किसानों को किफायती दामों पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त सब्सिडी प्रदान की है। इसके अलावा, कोरोना महामारी के दौरान भी किसानों को समय पर उर्वरक की सप्लाई सुनिश्चित की गई। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में उथल-पुथल और निर्यात में गिरावट के बावजूद, भारत के कृषि क्षेत्र ने शानदार मजबूती प्रदर्शित की है।

भारतीय किसानों के प्रयासों ने कृषि-निर्यात के स्थिर प्रदर्शन में योगदान दिया है। इसी के साथ कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन निर्यात 4 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

कृषक समुदाय ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और लोकल गोज ग्लोबल के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से पहली तिमाही में बेहतर आय प्रदर्शन की उम्मीद

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में अपेक्षाकृत कम मार्जिन प्रेशर और उच्च ट्रेजरी लाभ के कारण बेहतर आय प्रदर्शन पेश कर सकते हैं। यह जानकारी गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज ने प्राइवेट सेक्टर के बैंकों (पीवीबी) के लिए पहली तिमाही के आय सत्र में सुस्ती को उजागर किया है, जिसका मुख्य कारण ऋण वृद्धि में सुस्ती और रेपो दर में बड़ी कटौती के बाद मार्जिन में भारी गिरावट है। इसके विपरीत, रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा बेहतर और मजबूत आय प्रदर्शित करने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि जहां अधिकांश प्राइवेट बैंक द्वारा कम लाभप्रदता की रिपोर्ट करने की संभावना है, वहीं एमके आईसीआईसीआई बैंक, इंडियन बैंक, एसबीआई और केवीबी को सकारात्मक आउटलेयर के रूप में पहचानता है। इस बीच, एसबीआई कार्ड्स द्वारा वार्षिक प्रतिशत दर (एपीआर) में वृद्धि और कम फंडिंग लागत के कारण मार्जिन में वृद्धि की रिपोर्ट करने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कॉर्पोरेट परिसंपत्ति गुणवत्ता स्थिर बनी हुई है, इसलिए हमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए महत्वपूर्ण एनपीए निर्माण की उम्मीद नहीं है। पिछले तीन महीनों में, बैंक निफ्टी ने व्यापक बाजार प्रदर्शन को दिखाया है।

## स्टेट एसएंडटी काउंसिल को मजबूत करना आत्मनिर्भर 'विकसित भारत' की कुंजी : नीति आयोग

**नई दिल्ली,** 10 जुलाई (एजेंसियां)। नीति आयोग ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में कहा कि राज्यों में साइंस एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल को मजबूत करना एक आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। स्टेट एसएंडटी काउंसिल खासकर कृषि, रिन्यूएबल एनर्जी, आपदा प्रबंधन और क्षेत्रीय स्तर पर स्थानीय उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में वैज्ञानिक इनोवेशन और सामाजिक-आर्थिक विकास के बीच की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इन काउंसिल ने पेटेंट सुविधा, रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन और जीआई मैपिंग, जमीनी स्तर पर इनोवेशन और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को समर्थन देने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

नीति आयोग द्वारा आयोजित व्यापक परामर्श, एक नेशनल वर्कशॉप और बहु-हितधारक सहभागिता पर आधारित 'रोडमैप फॉर स्ट्रेथनिंग स्टेट एसएंडटी काउंसिल' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट स्ट्रक्चरल गैप और अवसरों को दर्शाती है।

रिपोर्ट में मंत्रालयों, राज्य सरकारों, वित्त पोषण निकायों, शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों और उद्योग भागीदारों के बीच मजबूत कॉर्डिनेशन का भी आह्वान किया गया है। नीति आयोग के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सदस्यों, जिनमें डॉ.




वी. के. सारस्वत भी शामिल हैं, द्वारा लिखित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इंटीग्रेटेड अप्रोच भारत के दीर्घकालिक रणनीतिक उद्देश्यों, जैसे एक मजबूत और आत्मनिर्भर विकसित भारत को प्राप्त करने में एक आधारभूत भूमिका निभाएगा, जहां साइंस और इनोवेशन सामाजिक प्रगति, आर्थिक समृद्धि और राष्ट्रीय शक्ति के केंद्र में हों। यह रिपोर्ट राज्यों की एसएंडटी काउंसिल के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों की पहचान करने का भी प्रयास करती है और अलग-अलग पहलों से एक दूरदर्शी इकोसिस्टम की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव को रेखांकित करती है। रिपोर्ट में जिन प्रमुख मुद्दों पर ध्यान दिया गया है, उनमें अपर्याप्त वित्तीय संसाधन और विविधीकरण, राज्य-विशिष्ट एसएंडटी आवश्यकताओं के मानचित्र का अभाव, कमजोर संस्थागत अधिसंरचना, उद्योग और पहचान, केंद्रीय एजेंसियों और अन्य संस्थानों के साथ कमजोर अंतर्संबंध शामिल हैं।

# सोना-चांदी खरीदना हुआ महंगा

**नई दिल्ली,** 10 जुलाई (एजेंसियां)। सोना-चांदी की कीमतों में गुरुवार को बढ़त देखने को मिली। 24 कैरेट के सोने की कीमतों में 961 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत में 654 रुपए प्रति किलो की बढ़त हुई है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 961 रुपए बढ़कर 97,046 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि गुरुवार को यह 96,085 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 88,894 रुपए हो गई है, जो कि पहले 88,014 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 72,785 रुपए हो गया है, जो कि पहले 72,064 रुपए प्रति 10 ग्राम था। आईबीजेए द्वारा दिन में दो बार-सुबह और शाम सोने की कीमतें जारी की जाती हैं।



- सोने की कीमतों में 961 रुपए व चांदी की कीमत में 654 रुपए की बढ़त

सोने के साथ चांदी की कीमत में भी इजाफा देखने को मिला है। बीते 24 घंटे में चांदी की कीमत 654 रुपए बढ़कर 1,07,934 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,07,280 रुपए प्रति किलो थी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है।

# ओपेक व भारत की मजबूत साझेदारी पर जोर

**वियना,** 10 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन ओपेक के साथ भारत की मजबूत साझेदारी पर जोर दिया। साथ ही, ऑयल मार्केट को संतुलित रखने के तरीकों पर चर्चा की गई ताकि ग्रीन और वैकल्पिक ऊर्जा की ओर ग्लोबल ट्रांजिशन सुचारू रूप से हो सके। केंद्रीय मंत्री ने 9वें ओपेक इंटरनेशनल सेमीनार में ओपेक महासचिव हैथम अल घैस से मुलाकात की।

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमने ओपेक के साथ भारत की मजबूत साझेदारी और यह सुनिश्चित करने के तरीकों पर चर्चा की कि ऑयल मार्केट संतुलित और पूर्वानुमानित रहें ताकि विशेष रूप से हाल की भू-राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर ग्रीन और अलटर्नेटिव एनर्जी को लेकर ग्लोबल ट्रांजिशन सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने बताया कि दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक भारत और प्रमुख तेल उत्पादकों के समूह ओपेक के बीच एक अनोखा संबंध है।



- हरदीप सिंह पुरी ने की ओपेक महासचिव हैथम अल घैस से मुलाकात

कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा हासिल करने के भारत के प्रयासों में तेजी आने के साथ ही हम अपने नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कार्यक्रमों को लागू करना जारी रखेंगे। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को 10.3 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्लीन कुकिंग प्रोग्राम है। इससे ऊर्जा की पहुंच और जन स्वास्थ्य परिणामों, दोनों में सुधार हुआ है। इस तरह के समावेशी प्रयासों से भारत में एलपीजी कवरेज 2014 के 55 प्रतिशत से बढ़कर आज लगभग सार्वभौमिक पहुंच तक बढ़ गया है, जबकि भारत में पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए एलपीजी की कीमतें दुनिया भर में सबसे कम हैं। अतंरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में 58 प्रतिशत की भारी वृद्धि के बावजूद, पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर के लिए केवल 6-7 डॉलर का भुगतान करना पड़ता है।

## सार संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपए में 23 पैसे का सुधार

**मुंबई।** अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया गुरुवार को दिन में मजबूती के साथ करीब 23 पैसे के तेज सुधार के साथ 85.5780 के स्तर पर चल रहा था। बुधवार को विनियम दर प्रति डालर 85.7979 रुपये के दायरे में थी। स्थानीय शेयर बाजारों में नरमी का रुख जारी रहने के बावजूद डॉलर के अन्य प्रमुख मुद्राओं के समक्ष कमजोर पड़ने से रुपये को बल मिला। डालर सूचकांक दिन में 0.19 प्रतिशत गिर कर 97.37 पर चल रहा था। डॉलर सूचकांक छह प्रमुख मुद्राओं के भारांक पर आधारित है और डॉलर की तुलनात्मक मजबूती को इंगित करता है। बाजार को उम्मीद है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बाजूद रुपया आने वाले दिनों में डॉलर के मुकाबले 85.30 से 85.90 के दायरे में रहेगा।

### स्पनवेब नॉनवोवन का आईपीओ 14 को खुलेगा

**अहमदाबाद।** स्पनवेब नॉनवोवन लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 14 जुलाई को खुलेगा। कंपनी की ओर से गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा गया है कि स्पनवेब नॉनवोवन लिमिटेड ने अपने आईपीओ के लिए प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड 90 रुपये से 96 रुपये के बीच तय किया है, जिसमें प्रत्येक शेयर की फेस वैल्यू 10 रुपये है। कंपनी का आईपीओ सोमवार से सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 16 जुलाई को बंद होगा। निवेशक न्यूनतम 2,400 इक्विटी शेयर के लिए बोली लगा सकते हैं और इसके बाद 1200 इक्विटी शेयर के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। यह आईपीओ 63,51,600 इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू है। इस नए निर्गम से प्राप्त आय में से 29 करोड़ रुपए का उपयोग कंपनी की कार्यशील पूंजी जरूरतों को पूरा करने के लिए होगा। दस करोड़ रुपए का इस्तेमाल पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एसआईपीएल की कार्यशील पूंजी जरूरतों के लिए होगा।

### भारत में तेजी से बढ़ रहा रियल एस्टेट सेक्टर की मांग

**मुंबई।** देश में बड़े और मध्यम आकार के डेवलपर्स की ओर से लगातार नए प्रोजेक्ट को लांच करना मजबूत मांग और मध्य अवधि में इंडस्ट्री की विकास दर तेज रहने की संकेत देती है। रिपोर्ट के अनुसार, आवासीय क्षेत्र की रियल एस्टेट कंपनियों ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में परिचालन स्तर पर मिलाजुले प्रदर्शन को रिपोर्ट किया है। वहीं, कई बड़ी और मध्यम आकार की सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने व्यवसाय विकास में अच्छी प्रगति दर्ज की है। इसकी वजह अच्छी मांग के कारण अधिक नए प्रोजेक्ट लॉन्च होना है। रिपोर्ट में कहा गया कि प्रोजेक्ट साइट्स पर अच्छी संख्या में लोगों का आना और क्षेत्र में नई शुरू की गई परियोजनाओं के लिए निरंतर आकर्षण के आधार पर उम्मीद है कि विवेकपूर्ण रियल एस्टेट कंपनियां अपने वित्त वर्ष 2026 के प्री-सेल्स गाइडेंस को काफी हद तक पूरा कर लेंगी।


# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट

**मुंबई,** 10 जुलाई (एजेंसियां)। स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को बिकवाली का दबाव बढ़ने से लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई और प्रमुख शेयर सूचकांक 0.27 प्रतिशत से 0.47 प्रतिशत टूट गए।

- सेंसेक्स 0.41 प्रतिशत गिर कर 83,190.28 अंक पर
- निफ्टी 0.47 प्रतिशत घट कर 25355.25 अंक पर बंद

विश्लेषकों के अनुसार कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय नतीजों को जारी किए जाने की शुरुआत से पहले बाजार में सतर्कता का रुख बढ़ा हुआ था। बुधवार को बाजार दिन भर सीमित दायरे में घट बढ़ के बाद कारोबार के आखिरी दौर में तेज बिकवाली के दबाव में टूट कर बंद हुआ था।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 345.80 अंक (0.41प्रतिशत) गिर कर 83,190.28 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 120.85 अंक (0.47 प्रतिशत) घट कर 25355.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 24 शेयर घाटे में रहे और छह में लाभ हुआ।




मारुति सबसे अधिक 1.36 प्रतिशत लाभ पर बंद हुआ। टाटा स्टील (1.04) , बजाज फाइनेंस (0.72), बजाज फाइनेंशियल सर्विसेज (0.65), ट्रेंट (0.41) और टाटा मोटर्स भी (0.38 प्रतिशत) लाभ में रहे। घाटे में रहे शेयरों में भारती एयरटेल का भाव 2.62 प्रतिशत टूटा जबकि एक्सिस बैंक में सबसे कम 0.02 प्रतिशत का घाटा रहा। एशियन पेंट, इन्फोसिस, बीईएल, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक., टीसीएस , भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआईसीआई आई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में घाटा हुआ।

निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस 0.27 प्रतिशत और निफ्टी बैंक 0.45 प्रतिशत घाटे में रहा। निफ्टी मिडकैप और स्मालकैप क्रमश 0.30 प्रतिशत और 0.27 प्रतिशत घट कर बंद हुए। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के अनुसंधान प्रमुख,विनोद नायर ने बाजार की स्थिति पर संक्षिप्त टिप्पणी में कहा कि टीसीएस के पहली तिमाही के नतीजों से पहले इस सीजन में आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) और वित्त क्षेत्रों की धीमी शुरुआत की आशंका के चलते निवेशकों का रुझान सतर्क बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बीच, मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में गिरावट का रुझान सीमित रहा। यह लार्ज-कैप शेयरों की तुलना में इन खंडों में निवेशक बेहतर आय परिदृश्य की उम्मीद कर रहे हैं। श्री नायर की राय में यह निवेशकों की प्रतीक्षा और निगरानी की रणनीति को दर्शाता है।

## एलआईसी का व्यक्तिगत प्रीमियम सेगमेंट जून में 14.6 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 10 जुलाई (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी सरकारी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) के व्यक्तिगत प्रीमियम सेगमेंट में जून 2025 में सालाना आधार पर 14.6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुए लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल के डेटा में दी गई। इस सेगमेंट में सरकारी बीमा कंपनी की प्रीमियम वृद्धि दर निजी इंश्योरेंस कंपनियों की वृद्धि दर 12.12 प्रतिशत से अधिक रही है।

एलआईसी ने इस साल जून में ग्रुप प्रीमियम के रूप में 22,082.37 करोड़ रुपए एकत्र किए, जबकि जून 2024 में यह राशि 23,731.13 करोड़ रुपए थी। कुल मिलाकर नया व्यवसाय प्रीमियम जून 2024 के 28,366.87 करोड़ रुपए से 3.43 प्रतिशत घटकर जून 2025 के लिए 27,395 करोड़ रुपए रह गया।

इस महीने के दौरान एलआईसी द्वारा जारी कुल पॉलिसियां 12.49 लाख रहीं, जबकि पिछले साल जून में यह संख्या 14.65 लाख थी। व्यक्तिगत पॉलिसियों की श्रेणी में, एलआईसी ने इस महीने 12.48 लाख पॉलिसियां जारी कीं, जबकि जून 2024 के लिए यह संख्या 14.62 लाख थी। इस महीने ग्रुप पॉलिसियों की संख्या 1,290 रहीं।



- एलआईसी ने जून में ग्रुप प्रीमियम के रूप में एकत्र किए 22,082.37 करोड़ रुपए

अप्रैल-जून 2025 के लिए एलआईसी द्वारा एकत्रित कुल प्रीमियम 59,410.69 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 57,440.89 करोड़ रुपए से अधिक है। व्यक्तिगत सेगमेंट का प्रीमियम 12,503.68 करोड़ रुपए रहा।

## आईआरईडीए बॉन्ड्स में निवेश पर मिलेगी टैक्स छूट, सीबीडीटी ने किया ऐलान

**नई दिल्ली,** 10 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड (आईआरईडीए) द्वारा जारी बॉन्ड्स को दीर्घकालिक निर्दिष्ट परिसंपत्तियों के रूप में अधिसूचित कर दिया है, जिससे अब इन बॉन्ड्स में निवेश पर आयकर अधिनियम की धारा 54ईसी के तहत टैक्स छूट मिलेगी। इस बॉन्ड्स पर टैक्स छूट का फायदा 9 जुलाई, 2025 से प्रभावी होगा।

सीबीडीटी द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि पांच साल के बाद भुनाए जाने वाले और अधिसूचना की तारीख को या उसके बाद आईआरईडीए द्वारा जारी किए गए बॉन्ड आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54ईसी के तहत टैक्स छूट लाभ के लिए पात्र होंगे। आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन बॉन्ड्स से प्राप्त राशि का उपयोग विशेष रूप से रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स के लिए किया जाएगा। पात्र निवेशक एक वित्तीय वर्ष में इन बॉन्ड्स में निवेश करके 50 लाख रुपए तक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर कर बचा सकते हैं। अधिसूचना का स्वागत करते हुए, आईआरईडीए के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने कहा कि हम इस मूल्यवान नीतिगत पहल के लिए वित्त मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के प्रति अत्यंत आभारी हैं। सरकार द्वारा यह मान्यता देश में रिएन्यूएबल एनर्जी फंडिंग में तेजी लाने में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका को पुष्ट करती है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे बॉन्ड्स को कर-मुक्त दर्जा मिलने से निवेशकों को निवेश का एक आकर्षक अवसर प्राप्त होगा।

9 जुलाई से प्रभावी रहेगा बॉन्ड्स पर टैक्स छूट का फायदा

# भारत 2025 में दुनिया के टॉप-10 टेक मार्केट में होगा शामिल : रिपोर्ट

**बेंगलुरु,** 10 जुलाई (एजेंसियां)। भारत 2025 में खासकर प्रतिभा उपलब्धता के मामले में दुनिया के टॉप 10 टेक मार्केट में शामिल होगा, जिसमें देश के टॉप छह शहर पहले से ही एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तकनीकी प्रतिभा अधिग्रहण के लिए टॉप 10 की सूची में शामिल हैं। कोलियर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र एक ग्लोबल टेक टैलेंट हब के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जहां दुनिया के टॉप 10 स्थानों में से तीन भारत (बेंगलुरु), जापान (टोक्यो) और चीन (बीजिंग) में स्थित हैं।

कोलियर्स के इंडिया ऑफिस सर्विसेस मैनेजिंग डायरेक्टर अर्पित मेहरोत्रा ने कहा कि भारत टेक टैलेंट का पावरहाउस है और ग्लोबल इनोवेशन इकोसिस्टम में एक की प्लेयर है, जिसे देश के टियर-1 और उभरते शहरों में कुशल प्रतिभा और रोजगार के अवसरों की उपलब्धता का समर्थन प्राप्त है।



- ग्लोबल टेक टैलेंट हब के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा एशिया प्रशांत क्षेत्र

भारत के प्रमुख तकनीकी शहरों में एशिया प्रशांत क्षेत्र की कुल तकनीकी प्रतिभा का 69 प्रतिशत हिस्सा है। बेंगलुरु और हैदराबाद, जो इस क्षेत्र के सबसे बड़े प्रतिभा समूहों की मेजबानी करते हैं, टेक लीजिंग एक्टीविटी में अग्रणी बने हुए हैं और 2025 की पहली छमाही में पारंपरिक ऑफिस स्पेस की लगभग 50 प्रतिशत मांग को इन दोनों बाजारों द्वारा पूरा किया जाएगा।

मेहरोत्रा ने आगे कहा कि हाई-क्वालिटी ऑफिस स्पेस की उपलब्धता, मजबूत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और लागत प्रतिस्पर्धा के साथ, भारत के ऑफिस मार्केट, टेक्नोलॉजी-लेड ग्लोबल इकोनॉमिक विस्तार के लिए टॉप गंतव्यों में प्रमुखता से शामिल होते रहेंगे।

रिपोर्ट में प्रतिभा अधिग्रहण, वेंचर कैपिटल (वीसी) फंडिंग, लेबर इंडेक्स, टैलेंट पाइपलाइन और क्षेत्र संरचना के आधार पर 200 से अधिक ग्लोबल मार्केट का विश्लेषण किया गया। भारत एशिया प्रशांत क्षेत्र के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी तकनीकी प्रतिभाओं के लिए शीर्ष गंतव्यों में से एक है। रिपोर्ट में पाया गया कि बेंगलुरु और हैदराबाद भारत में पसंदीदा तकनीकी गंतव्य बने हुए हैं, इसके बाद अन्य प्रमुख बाजार हैं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।